ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 10 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-234 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

काजोल ने सोशल मीडिया से लिया ... पेज 10 पर



## प्रवासी श्रमिकों के हित के लिए हो रहा काम : मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के अंडमान निकोबार प्रवास के दौरान उनसे वहां रह रहे झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में रोजगार और अन्य विषयों से संबंधित अनुभवों को साझा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कई दशकों से झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रमिक यहां मजदूरी करते आते रहे हैं। इनमें से कई अंडमान और निकोबार प्रशासन के पुनर्वास योजनाओं के तहत यहां बस चुके हैं। इनमें से अधिकांश श्रमिक निर्माण कार्य से जुड़े हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अंडमान-निकोबार मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक विकास लोगों के लिए पारगमन आवास, हवाई किराए में वृद्धि आदि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी कुछ मांगो से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान अंडमान-निकोबार में फंसे झारखंड के 180 प्रवासी श्रमिकों को एयर लिफ्ट करा कर उनके सकुशल घर वापसी कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि प्रवासी श्रमिकों के हित में राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोषष बनाया गया है। साथ ही यहां से जो भी श्रमिक व्यक्ति काम करने दूसरे देशों में जाते हैं, उनके लिए भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### धरती आबा के शहादत दिवस के मौके सीएम ने दी श्रद्धांजलि



शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि भगवान बिरसा जैसे वीर महापुरुष ने झारखंड मे जन्म लिया,और देश को आजादी के साथ कई कुरीतियों से हमें निजात दिलाया।

## धनबाद में अवैध खनन के दौरान धंसी कोयला खदान, तीन की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड के धनबाद जिले के भौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के भौरा 4ए पेच में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से तीन लोगों की मौत हो गई। घटना भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के झरिया स्थित भौरा माइंस में शुक्रवार पूर्वाह्न 10.30 बजे की है।

बताया जाता है कि भौरा 4ए पेच में कोयले का अवैध खनन चल रहा था। इसी दौरान चाल धंस गई और कई लोग मलबे दब गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह कई घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। कई घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय निवासी हरेंद्र यादव ने बताया कि चाल धंसने से तीन लोगों को मौत हुई है। हादसे में मारे गये दो लोगों की पहचान हुई है। इनमें जितेंद्र यादव (10) और मदन प्रसाद उर्फ पवन (25) हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। धनबाद के एसपी संजीव कुमार ने बताया कि बीसीसीएल के अवैध खदान ढहने की सूचना मिली है। एक शव मिला है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी कितने लोग अंदर दबे हैंए इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। हम बीसीसीएल की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**NEWS इन ब्रीफ**

### गिरिडीह में दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत ,चार घायल

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के चिरकी-हरलाडीह मुख्य पथ के पास गुरुवार रात भीषण सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर असपताल में भर्ती किया गया है। मृतकों की पहचान रूपलाल मुर्मू (32 ) एवं राजेन्द्र मुर्मू (20 ) के रूप में की गई है। घायलों में मखुनी बेसरा (18) , सुरजमुनि (16) , लिप्सा टुडू (30) और सुरेंद्र टुडू (24 ) शामिल है। बताया जाता है कि बांध मोड़ के पास अंधेरे के कारण दो मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरकी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### चतरा में ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा जिले की सदर थाना पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद साजिद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद छोटू और मोहम्मद आलम शामिल है। इनके पास से एक ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और दो टुकड़ा एलमुनियम का पन्नी बरामद किया गया है। सडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सदर थाना क्षेत्र के नउवा टोली में एक एस्बेस्टस की दुकान के समीप कुछ व्यक्ति बैठकर ब्राउन शुगर खरीद - बिक्री और पीने -पिलाने का काम कर रहे हैं।

# आदिम जनजाति के विकास से ही राज्य आगे बढ़ेगा : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने पलामू जिलांतर्गत रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में सुरंगाही टोला के ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि जब तक आदिम जनजाति का विकास नहीं होगा, राज्य का विकास नहीं होगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आप सबके उत्थान हेतु कई योजनाएं संचालित है, आप सभी को इन योजनाओं का लाभ उठाना होगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल आने से पूर्व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव के साथ समीक्षा की थी। विद्यालय में शिक्षकों एवं अस्पताल में चिकित्सकों की कमी व अनुपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ अस्पताल में चिकित्सों व चिकित्साकर्मियों की भी बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि कार्य न करने पर वेतन न मिले। उन्होंने कहा कि यहाँ प्राथमिक अस्पताल के निर्माण हेतु प्रयास किया जायेगा। राज्यपाल महोदय ने स्वयं सेवा सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षको की कमी के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराने पर कहा कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। अब यहाँ शिक्षकों की समस्या नहीं होगी। उन्होंने जल की समस्या के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराने पर कहा कि उनके द्वारा आज ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ चेकडैम के निर्माण व वर्षा जल संचयन हेतु अधिकारियों को निदेशित किया गया है। राज्यपाल ने उक्त अवसर पलामू में लिफ्ट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्यपाल ने धरती आबा की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**राज्यपाल** झारखंड सी॰पी॰ राधाकृष्णन ने आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मेदिनीनगर स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। पुण्यतिथि पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, आयुक्त के सचिव सह उप निदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

आर्मी लैंड स्कैम

## अमित व दिलीप घोष से तीन दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बरियातू रोड स्थित सेना के जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से ईडी तीन दिनों तक 72 घंटे तक पूछताछ करेगी । शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने ईडी को इन दोनों से पूछताछ के लिए तीन दिन 72 घंटे के रिमांड की अनुमति दी। कोर्ट में अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने कोर्ट को बताया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैए वह जमीन घोटाले के सबसे बड़े मास्टरमाइंड हैं। अब तक की जांच में कई ऐसी बातें सामने आयी हैं। जिनके बारे में पूछताछ जरूरी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने तीन दिनों 72 घंटे की रिमांड की मंजूरी दे दी है। दोनों आरोपितों की पेशी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इससे पूर्व बीते गुरुवार को ईडी ने इन दोनों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड कोर्ट से मांगी थी। गुरुवार को कोर्ट में पेशी के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि इन दोनों की गिरफ्तारी बुधवार को देर रात कोलकाता से हुई थी। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री की जांच ईडी कर रही है।

## झारखंड में 18 तक पहुंचेगा मानसून

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में दस दिनों के अंदर मानसून प्रवेश कर जायेगा। मानसून के 18 जून तक पहुंचने की संभावना है। इससे भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि, इसके पहले गर्मी परेशान करेगी लेकिन 11 जून के बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। राज्य में अभी 11 जून तक लू चलने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आज गोड्डा जिले का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया। सुबह दस बजे 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद देवघर का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पलामू 42.6 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, साहेबगंज में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### गोड्डा: मौलाना आजाद कॉलेज के प्राचार्य की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा।** जिले के बसंतराय स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद कॉलेज के प्रिंसिपल की अपहरण के बाद अपराधियों ने हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह प्रिंसिपल डॉ नजीरुद्दीन का शव महगामा दियाजोरी के बीच पाया गया। नजीरुद्दीन का क्षेत्र में काफी नाम था। वे राजनीतिक रूप से भी सक्रिय थे। घटना में संलिप्त शाकिर को पुलिस ने अपहरण में उपयोग किये काले रंग की गाड़ी के साथ पकड़ा लिया है।

## ईडी ने अवैध बालू खनन केस में संपत्ति के दस्तावेज किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अवैध बालू खनन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रही है। बीते पांच जून को ईडी ने पटना, हजारीबाग, धनबाद और कोलकाता समेत 27 जगहों पर एक साथ छापेमारी की थी। मामला बिहार में अवैध बालू खनन से जुड़ा हुआ है। छापेमारी के बाद ईडी की तरफ से शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज जारी किया गया है। जारी प्रेस रिलीज के माध्यम से ईडी ने कहा है कि इन जगहों पर छापेमारी का काम बिहार पुलिस के कई थानों में दर्ज एफआईआर के आधार पर हुआ है। ईडी ने ब्रॉडसन कॉमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और आदित्य मल्टीकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डॉयरेक्टर,सीए और उनसे जुड़े लोगों के घर और कार्यालय में छापेमारी की गई थी। ईडी के अनुसार दोनों कंपनियां अवैध रूप से खनन कर बालू का व्यापार करती थी। बिना माइनिंग विभाग के चालान के ही बालू का खनन और ढुलाई का काम किया जाता था। ऐसा करने से बिहार सरकार को करीब 250 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 1.5 करोड़ रुपये नकदी मिले थे।

### झारखंड में 64 सीडीपीओ के पदों पर होगी नियुक्ति

**रांची।** झारखंड में 64 बाल विकास पदाधिकारी की रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी। महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधियाचना के बाद झारखंड लोकसेवा आयोग ने इस संदर्भ में विज्ञापन जारी किया है। 27 जून से इसके तहत ऑनलाइन आवेदन जेपीएससी के वेबसाइट के जरिये लिए जायेंगे। 26 जुलाई तक आवेदन लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है।

**विकास** | यहां जलती है 24 घंटे चिता, रोज होता है 250 से 300 शवदाह

## काशी विश्वनाथ की तरह चमकेगा मणिकर्णिका घाट




**आरएनएम। वाराणसी**

काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही अब गंगा के किनारे का मणिकर्णिका घाट भी चमकेगा, जहां चौबीस घंटे चिता जलती रहती हैं और रोज लगभग 250 से 300 शव जलाए जाते हैं। मणिकर्णिका घाट पर विष्णु पादुका, चक्र पुष्करणी तीर्थ और पूरे परिसर के मंदिरों की श्रृंखला को संरक्षित किया जाएगा। 17 करोड़ रुपये की मणिकर्णिका तीर्थ परियोजना को नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) की मंजूरी मिल गई है। इसमें जलासेन घाट से सिंधिया घाट के पूरे परिसर को कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का काम इसी जून के अंतिम सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।लेकिन जुलाई से तो मानसून शुरू हो जाएगा उसमें काम कैसे हो पाएगा इसके बारे में प्रशासन नहीं बता रहा। जो योजना बताई जा रही है उसके अनुसार काशी विश्वनाथ धाम की बाईं ओर स्थित मणिकर्णिका तीर्थ परिसर को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। इसमें सड़क से प्रवेश करने वाले मुख्य द्वार को भव्य बनाया जाएगा। घाट से लेकर मंदिर श्रृंखला तक की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। यहां घाट पर आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और अन्य लोगों के पंजीकरण की व्यवस्था होगी। घाट परिसर स्थित विष्णु पादुका, चक्र पुष्करणी तीर्थ, दत्तात्रेय पादुका, तारकेश्वर और रत्नेश्वर महादेव मंदिर को श्रृंखलाबद्ध कर कॉरिडोर में समाहित किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे परिसर को हाई रिजॉल्यूशन के सीसी कैमरों से लैस किया जाएगा।मणिकर्णिका तीर्थ का महात्म्य हिंदू धर्मावलंबियों में बेहद पवित्र है। महाशिवरात्रि और अधिमास में होने वाली पंचक्रोशी परिक्रमा का संकल्प चक्र पुष्करणी तीर्थ पर लिया जाता है। महाशिवरात्रि पर करीब दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु इस घाट पर स्नान के बाद अपनी यात्रा शुरू करते हैं। घाट पर शवदाह की व्यवस्था है और पूरे पूर्वांचल के लोग अंतिम संस्कार के लिए यहां आते हैं। यहां 24 घंटे चिता जलती है। रोजाना पांच हजार से ज्यादा लोग इस काम के लिए यहां आते हैं।

### तीन भागों में विकसित होगा घाट

मणिकर्णिका घाट को तीन भागों में विकसित करने की तैयारी में है। पहला विजिटर ब्लॉक होगा। यहां जन सुविधाओं के लिए शौचालय, स्नानगृह, विश्राम कक्ष होंगे। दूसरे भाग में शवदाह गृह बनाए जाएंगे। इसी परिसर में 8 छत पर शवदाह की सुविधा होगी। ताकि बाढ़ आदि के समय भी शवदाह की प्रक्रिया अनवरत जारी रहे। तीसरे भाग में दत्तात्रेय पादुका से तारकेश्वर महादेव मंदिर के परिसर को संवारा जाएगा। इस परियोजना में सबसे अहम बात यह है कि इस कॉरिडोर में स्मार्ट कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और वह नगर निगम के कमांड कंट्रोल सिस्टम से सीधा जुड़ा रहेगा। कमांड कंट्रोल सिस्टम की मदद से जिला प्रशासन, नगर निगम और दमकल विभाग की निगरानी में ये पूरा परिसर रहेगा।मणिकर्णिका घाट पर लकड़ी के लगे बड़े बड़े टाल की जगह वहां काशी विश्वनाथ धाम की तरह एंपोरियम बनाया जाएगा।

## आईएएस की नौकरी छोड़ शुरू किया खुद का बिजनेस



**आरएनएम। नईदिल्ली**

भारत में ज्यादातर को सरकारी नौकरी पसंद है। और नौकरी यदि आईएएस वाली हो तब तो पूछना ही नहीं।क्योंकि सबसे बड़ी सरकारी नौकरी, मोटी सैलरी , गाड़ी , बंगला , रोब -दाब और यदि थोड़ा टेबल के नीचे की सोच वाला हो तो सैकड़ों करोड़ का वारा - न्यारा। देश कठिन परीक्षाओं में से एक यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद कोई आईएएस बनता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कभी भ्रष्ट नेताओं, मंत्रियों के अधीन नौकरी नहीं करने का मन बन जाने या कभी इस रोज -रोज के सुबह से शाम वाली तनाव भरी नौकरी के बजाय अपनी इच्छा अनुसार बड़ा व्यवसाय करने या किसी बड़ी प्राइवेट संस्था में इससे भी ज्यादा पैसा व अलग तरह के पावर की चाह में भी आईएएस इस्तीफा दे देते हैं।

### ऐसे तमाम में से प्रस्तुत हैं कुछ उदाहरण

रोमन सैनी ने आईएएस से इस्तीफा दे अनएकेडमी शुरू की। रोमन सैनी 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने एम्स की परीक्षा पास कर पढ़ाई करके एमबीबीएस हो गये। डॉक्टर बन गए। इससे मन ऊब गया तो दो साल में ही इस्तीफा दे दिया और यूपीएससी की परीक्षा पास करके आईएएस अफसर बन गए। लेकिन वहाँ से भी दो साल बाद इस्तीफा दे दिया। और अपनी कंपनी अनएकेडमी शुरू की। जो आज करोड़ों की कंपनी है।

प्रवेश ने आईएएस से इस्तीफा दे 'सब्जीवाला' स्टार्टअप शुरू किया- प्रवेश शर्मा 1982 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** बिहार में शराब की अवैध तस्करी किए जाने की एक कोशिश को शुक्रवार को पुलिस और उत्पाद विभाग ने मिलकर उस समय विफल कर दिया जब गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हरिहरगंज थाना समीप एनएच 98 इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब से लदी एक जायलो कार (जेएच01 एसी 1668) को जब्त किया गया। तलाशी लेने पर वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से वाहन चालक बिहार के गया जिले के गुरारू थाना के देवकुली गांव निवासी उदय कुमार यादव को गिरफ्तार किया।इस संबंध में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सारी शराब बिहार तस्करी कर ले जायी जा रही थी। कार में कुल 62 पेटी में 180 एमएल के 2976 बोतल रॉयल ब्लू व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। छापेमारी दल मे हरिहरगंज पुलिस तथा उत्पाद विभाग के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

## घुमानेवाले डॉट कॉम के जत्थे ने कराया बाबा केदारनाथ धाम का दर्शन

**मेदिनीनगर।** पलामू से रवाना घूमानेवाल डॉट कॉम की पहली चार धाम की गाड़ी 08 जून दिन गुरुवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन की। सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर अपनी अपनी मन्नत मांगी और अमन चैन का आशीष मांगा! बताते चले की गाड़ी 14 मई दिन रवीवार को रवाना होनी थी लेकिन केदारनाथ का मौसम खराब होने के कारण यात्रा का डेट आगे बढ़ा कर 28 मई किया गया था! सभी श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन पहली बार किया और सभी में खुशी की लहर है। साथ ही सभी श्रद्धालुओं ने कंपनी के हेड उज्जवल सिन्हा का भी धन्यवाद ज्ञापन किया की उन्होंने इतने कम पैसे में बाबा का दर्शन इतने अच्छे और सुविधाजनक तरीके से करवा दिया। सभी का कहना है कि इतने कम खर्च में चार धाम की यात्रा संभव नही थी लेकिन अपने इसको संभव कर दिया। यात्री में कुछ लोग डाल्टनगंज पलामू , कुछ बनारस , कुछ कलकत्ता और कुछ लोग बेंगुसराय केथे , सावन के महीने में कंपनी की तरफ से देवघर की भी यात्रा मात्र 2100/ रुपए में कराई जायेगीं।

## कांग्रेस ही भगवान बिरसा के सपनों को साकार करेगी : बिट्टू

मेदिनीनगर। आज दिनांक 9 जून 2023 को कांग्रेसियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया। स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माला अर्पण करके श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि भगवान बिरसा के सपने को कांग्रेस ही साकार करेगी। भगवान बिरसा ने अंग्रेजो की गुलामी से आजाद होने के लिए उनके खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। आदिवासी समाज के लोगों की एकजुट कर उलगुलान शुरू किया था। जल जंगल और जमीन की रक्षा के साथ साथ आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा अपने साथियों को लेकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। भगवान बिरसा मुंडा की सोच और आदर्श विचारों को अपनाते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करने की आवश्यकता है। उनके सपने को साकार करने की दिशा में कांग्रेस पूरी सक्रियता के साथ काम कर रही है। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह नफीस खान विद्या सिंह महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इंदु भगत चेरो मिथिलेश कुमार सिंह रिजवान खान हर्ष सहानी राजेश चौरसिया मुकेश सिंह गणेश रवि खुर्शीद आलम मुख्तार अंसारी अन्य लोग उपस्थित थे।

### वार्ड नंबर 19 में पानी की घोर समस्या

# एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं यहां के लोग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 कांदू मोहल्ला के सभी चापानल के पानी का लेयर छोड़ दिया है। इसकी वजह से मोहल्ले के स्थानीय लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए लोग दोपहर की कड़ी धूप हो या फिर रात का समय एक किलोमीटर दूर ज्योति आईटीआई के पास चापानल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। यहां के स्थानीय



लोग बताते हैं कि कांदू मोहल्ला में कुल 5 चापानल है लेकिन सभी चापानल का पानी का तल छोड़ दिया है।अगर इसमें पाइप बढ़ा दिया जाता तो शायद पानी लोगों को मिल पाता लेकिन नगर निगम के द्वारा आज तक इस पर किसी तरह की पहल नहीं किया गया है। यही कारण है कि कांदू मोहल्ला के सभी लोग सुबह 6:00 बजे से ही पानी की तलाश में निकल जाते हैं। और एक किलोमीटर दूर की सफर तय कर पानी भरने को विवश है।

## ट्रैक्टर से गिरकर 25 वर्षीय युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी गरजु भुइयां के पुत्र अरविंद भुइयां उम्र 25 वर्ष की ट्रैक्टर से गिरने पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अरविंद भुइयां शुक्रवार की सुबह ईट भट्ठा पर काम करने गया था। ईट भट्ठा से वह ट्रैक्टर पर ईट लाद कर ग्राहक को देने जा रहा था। तभी रास्ते में चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुदेगा पीपल पेड़ के पास अचानक उसे फरका उपट गया। जिसमें व ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को आश्वासन देते हुए हर संभव मदद देने की बात कही।

### जनहित में बेहतर कार्य करने के निर्देश

# राज्यपाल ने पावर ग्रिड कॉपोरेशन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

### अधिकारियों को सारी जानकारी होनी चाहिए जिससे जनहित में बेहतर कार्य हों : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माननीय राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज पावर ग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लि. एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पलामू परिसदन में समीक्षा बैठक की। उक्त अवसर पर पावर ग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लि. द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का लोगों को मुआवजा संबंधी विषयों एवं पावर ग्रिड के द्वारा सीएसआर के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कल लहलहे पंचायत भवन, मेदिनीनगर में ग्रामीणों से संवाद के क्रम में लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि पावर ग्रिड द्वारा अधिकृत भूमि का उचित मुआवजा नहीं प्रदान किया जा रहा है और न ही इस कॉपोरेशन द्वारा सीएसआर के तहत कार्य हो रहा है। उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकारियों व उपायुक्त से इनकी माँगो



पर ध्यान देते हुए इनकी वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु इसका समाधान हो सके। राज्यपाल ने पावर ग्रिड कॉपोरेशन के अधिकारियों से कहा कि जिस क्षेत्र में यह स्थित है, वहाँ प्राथमिकता के तौर पर सीएसआर का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि लोगों को आपका कार्य दिखना चाहिये। उन्होंने लहलहे में ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग से संचालित विद्यालय का सीएसआर के तहत चाहरदीवारी एवं अन्य कार्य कराने हेतु उठाये गये मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालयों के लिए आपको सीएसआर के तहत कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि अधिकारियों को सारी जानकारी होनी चाहिए जिससे जनहित में बेहतर कार्य हों। उन्होंने कहा कि उन्हें लहलहे में ग्रामीणों से संवाद के क्रम में लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि यहाँ सिंचाई की समस्या है व वर्षा जल संचयन की स्थिति भी ठीक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेकडैम निर्माण हेतु निदेशित किया। उन्होंने उनसे विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनहित में आपके पास अच्छे प्रस्ताव होना चाहिये। सिंचाई की समस्या के निदान के लिए आपको द्रुत गति से प्रयास करना चाहिए। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पावर ग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के अधिकारी एवं सिंचाई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## माननीय राज्यपाल ने झारखंड के दो लाभुकों को दिया चेक

माननीय राज्यपाल, झारखंड सी०पी० राधाकृष्णन पलामू के परिसदन में सुनीता कुमारी, पति स्व० गोविंद कुमार सिंह एवं उर्मिला देवी, पति स्व० श्यामदेव सिंह को अपने विवेकाधीन अनुदान मद से 1-1 लाख का चेक एवं विधवा सम्मान पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया। साथ ही सुनीता कुमारी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिया। ज्ञात हो कि उर्मिला देवी को इस आवास योजना को पूर्व में ही लाभ प्राप्त है।राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर उपायुक्त से कहा कि उनके आजीविका, इनके बच्चों की शिक्षा, बालिका की विवाह हेतु सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के तहत लाभ से आच्छादित किया जाय।विदित हो कि धनबाद रेल मंडल में निचितपुर हॉल्ट के पास पोल खड़ा करने के क्रम में हाईटेंशन तार गिर जाने से इनके पति की मृत्यु हो गई थी।




## नवनिर्मित सुर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।**आदि काल से ही ब्राह्मण समाज ने सर्वसमाज को दिशा निर्देश देते हुए सदैव मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। यह कहना है लेस्लीगंज प्रखण्ड के ग्राम झगरपुर के नवनिर्मित सुर्य मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों का। नवनिर्मित सुर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन समारोह सह सम्मान समारोह में गुरुवार को देर शाम मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए नवनिर्मित कमेटी के सदस्यों का कहना था कि पांकी प्रखण्ड के ग्राम भरी में हुआ प्रदर्शन काफी निंदनीय है और किसी भी समाज



या धर्म के लोगों को कानून इसकी इजाजत नहीं देता है कि राईफल लहराते हुए प्रदर्शन करे। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम सभी सनातनी एक हैं।कमेटी के सदस्यों का कहना था की वैसे लोगों का हथियार निरस्त किया जाना चाहिए जो समाज में विषाक्त वातावरण बनाने के लिए इस तरह का तालीबानी प्रदर्शन करते हैं। इसके पूर्व राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा नवनिर्मित सुर्य मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों व ग्रामीणों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए परशुराम सेना कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रहा है।उन्होंने नवनिर्मित सुर्य मंदिर में सदैव सहयोग करने का वादा किया।सम्मान समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, अनिल दूबे,छोटू त्रिपाठी,शशिकांत राय,विक्रांत त्रिपाठी,राकेश तिवारी(लडडू), शिवम पांडेय वहीं ॐ सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी, महासचिव राजीव रंजन सिन्हा, उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी व रवि सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने की राज्यपाल से मुलाकात

**पांकी।** पलामू परिसदन भवन में पांकी पूर्वी के पूर्व जिला पार्षद सह भारत सरकार अन्तर्गत स्वतंत्र निदेशक भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा लवली गुप्ता ने शुक्रवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही पांकी विधानसभा के लिए बिजली, पानी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधित सभी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही कॉलेजो में इंटर मे छात्रों का एडमिशन नहीं लेने के कारण तमाम इंटर के बरसों से सेवा देते आ रहे शिक्षक और शिक्षकोतर कर्मी बेरोजगार होने के कगार पर है। उनके विषय के समायोजन हेतु लवली गुप्ता ने राज्यपाल को अवगत कराया।

## ट्रैक्टर के धक्के से वृद्ध महिला गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में शुक्रवार को जपला छतरपुर मुख्य सड़क के चौवा चट्टान गांव के समीप ट्रैक्टर के धक्के से कलावती देवी नामक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उक्त घायल महिला चउआ चट्टान गांव निवासी युगल साव की 60 वर्षीय पत्नी हैं। ग्रामीणों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑन डियूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त महिला पैदल सड़क पार कर रही थी ,उसी क्रम में ट्रैक्टर से धक्का लगने से महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी।जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

भाजपा के विश्रामपुर मंडल नगर परिषद के वार्ड नौ में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं - कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वहीं मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का सभी योजना गरीबों के कल्याण के लिए हैं।

## बिजली चोरी मामले में 11 लोगों के विरुद्ध नावा बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार झारखंड बिजली वितरण निगम के द्वारा नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान दौरान 11 लोगों को बिजली बिल बकाया होने, मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने, घरेलू कनेक्शन कराकर कमर्शियल बिजली उपयोग कर अवैध विद्युत चोरी करते पाया गया। मामले में स्थानीय थाना में झारखंड बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इनमें प्रिंस मेहता पिता सुमारू महतो 10,000, अविनाश मेहता पिता विनोद मेहता 5000 ,अमरेश महतो पिता राजेश्वर महतो 5000,रटु महतो पिता राजेश्वर महतो ग्राम बसना व फूलन राजा पिता मुस्ताक अहमद 10000 इटको तजमुद्दीन अंसारी पिता दोस्तमोहम्मद अंसारी 6000 नावा बाजार, खुर्शीद अंसारी पिता और अवलेश अंसारी 6000 सोहदागखुर्द, चिनगी साव घुरन साव 6000 कृत यादव पिता भिसू यादव सुदेश्वर चौधरी पिता घुरा चौधरी 6000 प्रेमचंद गुप्ता पिता धरन साव 6000राजदिरिया का नाम शामिल है। इन सभी पर 71 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है । छापेमारी अभियान में सहायक अभियंता अरविंद कुमार के अलावा विद्युत कर्मी रवि कुमार, जितेंद्र पासवान, नीरज कुमार, जितेंद्र राम शामिल थे।

## भाजपा मेदिनीनगर मंडल की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** सांसद के शांतिपुरी आवास पर मेदिनीनगर शहर के प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 11 जून को केंद्रीय राज्यमंत्री मा० जॉन बारला जी के शिवाजी मैदान में होने वाली जनसभा को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में सांसद पलामू ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल है सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री का प्रवास हो रहा है। उस दिन केंद्रीय राज्य मंत्री मेदिनीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मेदिनीनगर मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में नगर मंडल के कार्यकताओं की भूमिका अहम होगी। स्वागत, कार्यक्रम स्थल, मंच एवं भोजन-पानी की व्यवस्था की जवाबदेही प्रमुख कार्यकताओं की होगी। वरिष्ठ नेता शयामनारायण दुबे ने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ है उनके बल पर ही कार्यक्रम सफल होते हैं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी भी हर एक कार्यकताओं की है। महा जनसंपर्क अभियान के संयोजक विभाकर पांडे ने कहा कि अभियान 30 मई से चलाया जा रहा है व सफल हो रहा है और कार्यकताओं की मेहनत से आगामी सभी कार्यक्रम भी अच्छे ढंग से पूर्ण होंगे। सहसंयोजक अविनाश वर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने सहयोगी समर्थकों के साथ कार्यक्रम में भाग ले ताकि कार्यक्रम पूर्णतः सफल हो जाए।

## मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**मेदिनीनगर।** शहर के पहाड़ी मोहल्ला मुस्लिम नगर में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामला का एक महीना बीत चुका है,इसके बाद भी अभी तक आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला मुस्लिम नगर में कुछ दिनों पहले 8 मई को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई थी और कुछ महिला पुरुष जख्मी हो गए थे। जो सदर अस्पताल में अपना इलाज करवाने के बाद अपने घर चले गए थे। इसके बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायल महिला नूरेशा खातून उम्र 50, शमा प्रवीण 25 वर्ष को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जहां इलाज के बाद भी दोनों महिलाओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था।वही इस घटना के बाद घायल के परिजनों के द्वारा शहर थाना में मारपीट में शामिल मोहम्मद रिजवान मास्टर, मोहम्मद जावेद, सगुप्ता प्रवीण,निखत प्रवीण, नसरीन परवीन के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। इस घटना को हुए एक महीना बीत गए इसके बाद भी आरोपी अभी तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं। इस संबंध में घायल के भाई सोहेल अख्तर ने बताया कि मारपीट मामला के बाद सभी आरोपी फरार हैं। और फरार आरोपी धमकी दे रहे हैं कि केश को उठा लो नहीं तो जान से मार देंगे। सोहेल अख्तर ने पलामू एसपी से मारपीट में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आग्रह किया है।



पहल | पक्षकार मामलों को मध्यस्थता से सुलझाने के लिए आ रहे आगे

# मन के मिलन पखवाड़े में निपटे दो मामले

### जिले के विभिन्न प्रखंडों में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मन के मिलन पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को मध्यस्थता के द्वारा शिखा अग्रवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व रीतू कुजूर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में लंबित एक एक मुकदमे मध्यस्थता के माध्यम से सुलह करा दिये गये हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत में




पीएलभी के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित कर मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिसे लेकर लोगों में काफी जागरूकता आयी है। पक्षकार मामले को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराने के लिए आगे आ रहे हैं। शुक्रवार को दो मामलों का निपटारा मध्यस्थों के द्वारा कराया गया । विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से प्रतिदिन मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामले निपटाने का लक्ष्य रखा गया है और इसमें सफलता भी मिल रही है। उन्होंने बताया कि शिखा अग्रवाल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अदालत में गई आर 195/2021 मंजू देवी अमित विश्वकर्मा के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का केस की थी। उक्त केस में मध्यस्थ एस. के. दुबे ने मध्यस्थता कर सुलह करा दिया है।वही दूसरा केस जी आर 464/2019 जो बबिता देवी मुन्ना बैगरह के विरुद्ध की थी जो रीतू कुजूर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में चल रहा था उक्त केस में भी मध्यस्थ शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी ने मध्यस्थता कर सुलह करा दिया है।

## राज्यपाल ने कम वर्षा होने के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए सकारात्मक रहने पर बल दिया







# गढ़वा जिले में वॉटर रिचार्ज को बेहतर करने का कार्य होगा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गढ़वा जिला में कम वर्षा होने के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब एक रास्ता बंद होता है तो दूसरा रास्ता खुलता है। इसलिए हमें निराश और हताश होने के बजाय मेहनत और लगन के साथ सकारात्मक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पलामू व उपायुक्त गढ़वा के साथ इर्रिगेशन के विषय पर चर्चा हुई है। जिले में वॉटर रिचार्ज बेहतर हो इसको लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने गढ़वा जिला के विकास को लेकर प्रमुख बातें करते हुए जिले की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को लेकर सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को जरूर अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा से ही भविष्य को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा हेतु अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। यदि हमारे राज्य के बच्चे विदेशों में भी जाकर शिक्षा लेने को इच्छुक है तो उन्हें राज्य द्वारा भी सहयोग किया जाएगा। हमें चिंता यह करनी चाहिए कि हम बच्चों को अच्छे से पढ़ाई एवं उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोके। हमारा देश काफी आगे बढ़ रहा है एवं हमारा राज्य भी आने वाले समय में देश एवं विश्व में एक अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कृषि एवं उद्योग विभाग को आपस में मिलकर कार्य करने तो कहा जिससे समेकित विकास हो सके। राज्यपाल ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। आदिम जनजाति के दिनेश्वर कुरवा नामक स्थानीय नागरिक द्वारा आदिम जनजाति के विकास की समस्या राज्यपाल के समक्ष रखी गई। इस पर राज्यपाल ने पीवीटीजी परिवारों के लिए अलग से स्कूल खोले जाने की जानकारी देते हुए उन्हें अच्छे से राशन, पेंशन समेत अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आदिम जनजाति के लिए दी जा रही सुविधाओं से योग्य लाभुकों को जागरूक करने को कहा ताकि वह जागरूक होकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। इससे पहले राज्यपाल का गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में आगमन हुआ। दोपहर 12 बजे के करीब वह रमकंडा प्रखंड पहुंचे, जहां जेएसएलपीएस की दीदियों ने पारंपरिक गीत एवं नृत्य के साथ उनका स्वागत किया। जिला प्रशासन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात उन्होंने रमकंडा प्रखंड कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्होंने भगवान बिरसा के बलिदानों को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने राज्यपाल को जिले के क्षेत्रफल एवं भौगोलिक स्थिति की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी दी।

### परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने जेएसएलपीएस, वन भूमि पट्टा, आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, सोना सोबरन धोती साड़ी एवं लूंगी वितरण योजना एवं आईसीडीएस आदि योजनाओं के कुल 70 लाभुकों/समूहों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, जिसमें स्वीकृति पत्र, चाबी वितरण, चेक, पूर्णता प्रमाण पत्र आदि सम्मिलित हैं। मंच से ही लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस से बसंती पन्ना, विनीता हंस, अंजुम खातून आदि को आरएफ योजना के तहत कुल 554 समूहों के बीच 8 लाख 49 हजार रुपये की राशि आवंटित करने की स्वीकृति दी गई, जबकि सीआईएफ योजना के तहत उषा मंजू तिर्की, कांति देवी, सरिता देवी, मनीषा देवी आदि को 530 समूहों के लिए 02 करोड़ 72 लाख 75 हजार रुपये की राशि एवं सीसीएल योजना के तहत रानी देवी, गीता देवी, रीमा देवी आदि के बीच 478 समूहों के बीच 11 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जेएसएलपीएस से ही बुलबुल आजीविका सखी मंडल के दीदी रतनी मिंज एवं कमल आजीविका सखी मंडल की दीदी सूरजमनिया मिंज, बिराजपुर, रमकंडा को फूलो झानों आशीर्वाद योजना के तहत 25-25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रकाश कोरवा, अर्चना कुमारी, संतोष कोरवा, निशा कुमारी एवं अंकित कोरवा आदि कुल 24 बच्चों को पाठशाला किट वितरित किये गये। राज्यपाल ने विभिन्न दावेदार भूमि वन पट्टा के लाभुकों के कुल 5 लाभुकों के बीच वन पट्टा का भी वितरण किया। वन पट्टा प्राप्त करने वाले लाभुकों में अमरनाथ पन्ना, कमल टोप्पो, थॉमस खलखो, सकल कच्छप एवं उर्मिला पन्ना हैं। वहीं विभिन्न आवास योजना यथा- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत भी कुल 10 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं चाबी वितरण किया गया। पीएमजीवाई (ग्रामीण) के लाभुकों आशा देवी, सुरेंद्र कुमार, मीना देवी आदि लाभुकों के बीच चाबी वितरण जबकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभुक बसंती कुंवर, मनतोड़वा देवी, प्रमिला देवी, सोमारी देवी आदि के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा हरित आम बागवानी के तहत नीलम देवी, लीलावती देवी, चांदनी कुमारी, प्रमोद कुमार आदि को एवं बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण के तहत सनारती देवी, शीला देवी, मालती देवी आदि को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। बिरसा हरित आम बागवानी के तहत प्रत्येक लाभुकों के मध्य कुल प्राक्कलित राशि 419374 रुपये जबकि बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण के तहत प्रत्येक लाभुकों के लिए कुल प्राक्कलित राशि 395988 रुपये है। सामाजिक सुरक्षा के तहत शीला देवी, डीला देवी, ललिता देवी, कलोईया देवी एवं मुनरिया कुंवर के बीच राज्य विधवा पेंशन एवं मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र देते हुए लाभान्वित करने का कार्य किया गया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया। सोना सोबरन धोती साड़ी एवं लूंगी वितरण योजना के तहत भी एवं कार्डधारी के लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी वितरित कर लाभान्वित किया गया, जिसमें सहबनिया देवी, संतरा देवी, पतिया देवी, सुंनरी कोराईन बिगनी देवी आदि कुल 5 लाभुकों के बीच वितरित किये गए।

### गोदभराई का कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में उन्होंने आईसीडीएस के तहत भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एवं गोदभराई जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत मानती कुमारी एवं शोभा कुमारी को कन्यादान योजना के तहत लाभान्वित किया गया जबकि अंजू कुमारी एवं उतिमा कुमारी के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत क्रमशः 5000 एवं ?20000 की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। सुनीता देवी, रिंकी देवी एवं रीना देवी की गोदभराई रस्म पूरी की गई, जबकि रूपा कुमारी, आशीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, साजन कुमार के अन्नप्राशन के रस्म पूरे किए गये। वहीं अशोक सिंह एवं अमरनाथ पन्ना के बीच ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीआईजी पलामू, राज कुमार लकड़ा, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल शशि कुमार, उप निदेशक जन संपर्क विभाग, पलामू प्रमंडल आनंद समेत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, लाभुक एवं स्थानीय जनता उपस्थित थे।







## बाइक दुर्घटना में दंपती घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका मार्ग पर विश्रामपुर गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गये। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के केबाल गांव निवासी सनोज कुमार चौधरी एवं उसकी पत्नी सोनी देवी शामिल हैं। दोनों घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। सनोज कुमार चौधरी ने बताया कि वह अपने घर से पत्नी को मोटरसाइकिल पर लेकर दूसरे घर बलरामपुर थाना क्षेत्र के जल बोथा गांव जा रहे थे। इसी दौरान रंका थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के पास एक गाय अचानक उसकी मोटर साइकिल के सामने आ गई। उसे बचाने के क्रम में यह दुर्घटना हुई।

### मारपीट में दो लोग घायल

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के अहीपुरवा ग्राम में शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गये। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां से अवनींद्र कुमार को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

## जामुन के पेड़ से गिरकर व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के भलुआनी गांव निवासी भवनाथ सिंह के पुत्र दशरथ कुमार सिंह शुक्रवार को पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घटवासन अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। दशरथ सिंह पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। इस दौरान डाली टूट गया।

## शहर से गांव तक अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गर्मी बढ़ते ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक हो रही अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। पंखे नहीं चलने से गर्मी में पसीना तो रात में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जा रहा है। बिजली गुल होने से वेंल्डिग, आरा मशीन, ठंडा, रेस्टोरेंट, फर्नीचर के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। हर दिन हजारों रुपये का डीजल जलाकर दुकानदार अपने आवश्यक कार्य निपटा रहे हैं। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी अब जल्द ही अघोषित बिजली कटौती से निजात मिलने का आश्वासन देने लगे हैं। जिले में मार्च माह तक बिजली व्यवस्था बेहतर रही। शहर को 20 घंटे, मुख्यालय को 18 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में 15 घंटे बिजली की आपूर्ति होती रही। अप्रैल माह शुरू होने के साथ ही गर्मी बढ़ी तो इसका असर बिजली व्यवस्था पर भी दिखने लगा। इन दिनों मांग के सापेक्ष जिले में पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है और बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बमुश्किल आठ से नौ घंटे बिजली मिल रही है। दिन में तो लोग किसी तरह काम निपटा ले रहे हैं, लेकिन रात को लाइट न होने के चलते पंखे नहीं चल रहे हैं और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जा रहा है। इन दिनों शहर में 10 से 12 घंटे बिजली आपूर्ति हो पा रही है।

### व्यवसाय पर भी पड़ने लगा असर, जनरेटर का सहारा

बिजली कटौती का असर अब व्यवसाय पर पड़ने लगा है। कुछ दिनों से बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के चलते लोग जनरेटर चलाना व इनवर्टर भी लगाना छोड़ दिए थे। लेकिन अचानक बिजली आपूर्ति प्रभावित होते ही इनवर्टर की मांग बढ़ गई है और महीनो से न चलने वाले जनरेटर भी इन दिनों जहर उगलने लगे हैं। दिन भर चल रहे जनरेटर का धुआं वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है।

**धर्म-कर्म**

## मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव : जीयर स्वामी

# 'बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

धर्म की जिज्ञासा के बाद ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिए। बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन होती है। भूमि में छुपी खनिज-संपदा एवं दूध में मिले पानी को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। इसके लिए उपकरण की आवश्यकता होती है। उसी तरह ब्रह्म को जानने के लिये धर्म रुपी उपकरण आवश्यक है। जैन धर्म सनातन से है, परंतु सनातन धर्म-दर्शन नहीं स्वीकारने के कारण सर्वमान्य नहीं हो पाया। सनातन धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। उक्त बातें जीयर स्वामी ने कहीं।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है जिसे मन संचालित करता है। मन को



नियंत्रित रखना चाहिए। अंगुलिमाल का शरीर वही रहा लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बना। जीयर स्वामी ने कहा कि एक बार राजा जनक आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिये एक सभा बुलायी। उन्होंने कहा कि अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज दे देंगे। विद्वानों ने अलग-अलग राय दी। राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए। सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हंस दिये, क्योंकि उनके सभी अंग टेढे थे। अष्टावक्र ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपहास नहीं करना चाहिये। उसका गुण देखना और जानना चाहिए। जनक ने क्षमा याचना की। अष्टावक्र ने घोड़ा मंगाया। जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए। जनक ने अपना आधा राज और शरीर देने की बातें कहीं। अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनो आप के नहीं हैं। आप उपयोगकर्ता है। राज की संपदा प्रकृति और प्रजा की है। शरीर पंचभूत से बना है, जिसपर पत्नी का भी अधिकार है। आप अपना मन, चित्त, बुद्धि और आकार दे दे और घोड़े पर सवार हो जाये। राजा शून्य की स्थिति में हो गये। उन्हें अल्पसमय में आत्म शांति मिली कि मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव है। मन, चित, बुद्धि, अहंकार के कारण ही संसार के भोग में मानव भटकता है।

## 'केवाईसी करा लें, वरना नहीं मिलेगी सम्मान निधि की राशि'

**डंडाई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को बीटीएम अजय कुमार साहू ने किसान मित्रों के साथ साथ प्रखंड भर के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर आयोजित बैठक में प्रज्ञाकेंद्र संचसलकों को और किसान मित्रों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के केवाईसी को लेकर विस्तृत ढंग से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक व किसान मित्र सभी तरह के कार्यों को छोड़कर किसानों के हित में लग जाएं। चार दिन के अंदर उक्त कार्यों को पूरा कर दें ताकि उन्हें प्रधानमंत्री सम्मान निधि की अगली किस्त की राशि मिलने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो। इस बीच बीटीएम की ओर से उक्त लोगों के हाथ में लाभार्थियों की सूची थमाई गई।

## जर्जर सड़क के कायाकल्प होने से पहले ही नेताओं में श्रेय लेने की होड़

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

बीस वर्षों से कायापल्प की बाट जोह रही रमना -धुरकी भाया सिलिदाग, गमहरिया और बुलका सड़क की अभी तक जर्जर स्थिति तो ठीक नहीं हुई है, लेकिन श्रेय लेने की होड़ मच गई है। क्षेत्रीय विधायक भानुप्रताप शाही और उनके समर्थकों के द्वारा रमना बजार से सलीदाग-गम्हरिया बुल्का होते हुए धुरकी तक पथ निर्माण की स्वीकृति सरकार के द्वारा कैबिनेट से दिलाने की मांग की गई है, जिस पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को रमना स्थित गुलरही बांध के समीप प्रेस वार्ता करते हुए जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि वर्तमान विधायक सिर्फ श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहीर अंसारी द्वारा गत दिनों जर्जर सड़क का



मामला सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर उठाया गया था। सीएम ने भरोसा दिलाया था कि बहुत जल्द सड़कों का कायाकल्प होगा। मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से अब सड़क का कायाकल्प होने वाला है तो भानुप्रताप शाही श्रेय लेने के लिए शोर मचाने लगे। उन्होंने कहा कि भानुप्रताप शाही कहते हैं कि उक्त दोनों सड़क बनाने की मांग नौ बार कर चुका हूं। जनता यह जनना चाहती है कि तीन बार के विधायक, डेढ़ साल मंत्री तथा पूर्व सीएम रघुवर दास के चहेते विधायक होने के बाद भी सड़क निर्माण के प्रति आप क्यों सजग नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब झामुमो की सरकार ने इस सड़क के निर्माण को गंभीरता से लिया है तो भवनाथपुर के विधायक झूठ का ढोल पिटने लगे हैं। प्रेसवार्ता में झामुमो के नागेद्र सिंह, विशेश्वर मेहता, लालजी सिंह, रोहित वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, उदित कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

### 122वें शहादत दिवस के अवसर पर याद किए गए धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा

# 'बिरसा मुंडा के समाज व राष्ट्र प्रेम से प्रेरणा लेने की जरूरत'

## 'बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज की दशा व दिशा बदली'

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

बरवैया पंचायत की स्थिति बिरसा मुंडा आवासीय विद्यालय शहीद बिरसा मुंडा के 123वां शहादत दिवस समारोह शुक्रवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जांहो पंचायत के समाजसेवी संगीता देवी, पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह, बरवैया मुखिया पिंकी देवी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहादत दिवस समारोह के अवसर पर बिरसा मुंडा विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा बिरसा मुंडा के जीवनी के बारे में भाषण द्वारा बताया गया। मौके पर समाजसेवी संगीता देवी ने कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा



एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदल कर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात्र किया। बिरसा मुंडा के साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठौ पर शौर्य की शब्दावली रची गई। उन्होंने हिंदू धर्म, ईसाई धर्म का बारीकी से अध्ययन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आदिवासी समाज मिशनरियों से तो भ्रमित है ही हिंदू भी धर्म को भी ठीक से ना समझ पा रहा है और न ग्रहण कर पा रहा है। बिरसा मुंडा ने महसूस किया कि आचरण की धरातल पर आदिवासी समाज अंधविश्वासों की आंधियों में तिनके सा उड़ रहा है तथा आस्था के मामले में भटका हुआ है। उन्होंने यह भी अनुभव किया कि सामाजिक कुरीतियों के कोहरे ने आदिवासी समाज को प्रकाश से वंचित कर दिया है। धर्म के बिंदु पर आदिवासी कभी मिशनरियों के प्रलोभन में आ जाते हैं तो कभी ढकोसला को ईश्वर मान लेते हैं। जमीदारों व जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की मिट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासी को शोषण कि नाटकीय यातना से मुक्त दिलाने के लिए आवश्यक समझा। इस कार्यक्रम में उपस्थित नवल पासवान, कलावती देवी, मुन्ना पासवान, अरुण सिंह, प्रदीप राम समेत बिरसा मुंडा के सदस्यगण उपस्थित थे।

## उपायुक्त लातेहार व चतरा ने किया बिरसा मुंडा को नमन

**लातेहार।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने चंदनडीह पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि



भगवान बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम सभी नमन करते हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा बिरसा, एनडीसी बंधन लांग, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अंचल पदाधिकारी, लातेहार ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत जिले के अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर फोटो पर



माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र के प्रति भगवान बिरसा मुंडा के प्रेम से हमें प्रेरित होने की जरूरत है। जीवन में पहले राष्ट्र, फिर स्वयं की भावना होनी चाहिए। सशक्त सुंदर राष्ट्र के निर्माण के लिए धरती आबा के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।

## 'युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने की जरूरत'



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

आजसू पार्टी के कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार दूबे उर्फ राजा दुबे ने की। दुबे ने कहा कि सामंती राजव्यवस्था के विरुद्ध स्वराज की बलिदानी उद्घोषणा करने वाली ऐसी वनवासी आवाज जिसे अंग्रेजी हुकूमत अपने अथाह सैन्य बल से कभी झुका न सकी। 1897 से 1900 के बीच मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच युद्ध होते रहे और भगवान बिरसा मुंडा और उसके चाहने वाले लोगों ने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। अगस्त 1897 में भगवान बिरसा मुंडा और उसके चार सौ सिपाहियों ने तीर कमानों से लैस होकर खूंटी थाने पर धावा बोला। 1898 में तांगा नदी के किनारे मुंडाओं की भिड़ंत अंग्रेज सेनाओं से हुई जिसमें पहले तो अंग्रेजी सेना हार गयी लेकिन बाद में इसके बदले उस इलाके के बहुत से आदिवासी नेताओं की गिरफ़्तारियां हुईं। जनवरी 1900 डोम्बरी पहाड़ पर एक और संघर्ष हुआ था जिसमें बहुत सी औरतें व बच्चे मारे गये थे। उस जगह बिरसा मुंडा अपनी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बाद में बिरसा मुंडा के कुछ शिष्यों की गिरफ़्तारियां भी हुईं। अंत में स्वयं बिरसा मुंडा भी 3 फरवरी 1900 को चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंग्रेजों द्वारा गिरफ़्तार कर लिया गया। बिरसा मुंडा को 9 जून 1900 को अंग्रेजों द्वारा जहर देकर मार दिया गया। रांची कारागार में उन्होंने अंतिम सांस ली। आज के युवाओं को उनके बलिदान से सीख लेकर उनके आदर्शों में चलने की जरूरत है। मौके में प्रखंड उपाध्यक्ष सह प्रखंड सचिव रूपेश उराव, ऋषि शर्मा,आशीष कुमार, श्याम कुमार, बद्री ठाकुर, सौरभ कुमार वर्मा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा को किया श्रद्धा सुमन अर्पित



**बालूमाथ।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 122वें शहादत दिवस के अवसर पर बालुमाथ प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर भगवान बिरसा मुंडा को जमीन तथा संस्कृति की रक्षा के लिए उनके बलिदानों को याद करते उन्हें नमन किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में से एलडीएम लातेहार बीडियो राजश्री ललित बाखला, बैंकों के शाखा प्रबंधक, जेएसपीएलएस के आलोक कुमार, कोआर्डिनेटर आशिक कुमार, मनोज कुमार, बीपीएम एलईओ श्याम सुंदर यादव समेत प्रखंड के कई पदाधिकारी व सरमाजिक राजनैतिक कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

### NEWS इन ब्रीफ

#### 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**लातेहार।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली एवं पर्यावण,वन एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश के आलोक में जिले में कैटेगिरी वन एवं कैटेगिरी टू बालू के उठाव पर पूर्णत रोक लगा दी गई है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य के मॉनसून सत्र की अवधी 10 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के सभी बालूघाटों पर से बालू का उठाव पूर्णत प्रतिबंधित है।

#### बीडीओ ने दिया 660 लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

**बारियातु।** बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई इसमें सभी रोजगार सेवक व पंचायत सेवक उपस्थित हुए। बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित 660 लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। मनरेगा एवं 14वें वित्त योजनाएं, आम बागवानी हेतु गढ़ा पुर्ण कराना व मनरेगा के तहत काम करने वाले लोगों की 95 दिन की डिमांड भरना एवं 2020-21 से लंबित योजनाओं को अविलंब काम पूरा करने के साथ पंचायतों में बची राशि को खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में अभीनाष पांडेय, अजाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## टीएसपीसी का फरार उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में लगी जेएससी कंपनी से लेवी वसूली को लेकर कामगारों के साथ मारपीट व आगजनी मामले में शुक्रवार को पुलिस ने फरार टीएसपीसी के एक उग्रवादी को मारंगलोइया जंगल से दौड़ा कर पकड़ा गया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी सूचना तंत्र से मिले इनपुट के आधार पर छापेमारी कर आरोपी मारंगलोइया टोला बड़कीतरी निवासी 23 वर्षीय गणपत उर्फ सरपंच गंझू पिता विशुन गंझू को



गिरफ्तार किया गया है। इसकी संलिप्तता पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान व प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों से हुवा है। वहीं गिरफ्तार आरोपी का पूर्व के आपराधिक रिकॉर्ड की बात करें तो आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आरोपों के तहत वह जेल की हवा खा चुका है। 4 मई को उक्त मामले में शामिल तीन अन्य उग्रवादी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सिंह के साथ पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, पुअनि भोलानाथ दास, पुअनि अशोक कुमार, पुअनि अभिनव आनंद समेत रिजर्व गार्ड व सैट जवान शामिल थे।

## अज्ञात का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत मेराल अंतर्गत ग्राम रतुरवा रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाने को सूचना दी गई थी। इसके बाद एसआई अंकित झा व जेएएसआई रविंदर सिंह दलबल के साथ रतुरवा पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। साथी अज्ञात शव के पहचान तथा जांच के लिए पुलिस जुटी हुई है। मौके पर चौकीदार मुकेश रजक, संतोष, कमलेश व अन्य कर्मी शामिल थे।

## थाना प्रभारी ने अनाथ बच्ची की शादी में अहम भूमिका निभा पेश की मिसाल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुई अनाथ बेटी की शादी में पहुंच कर सहयोग प्रदान किया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने आर्थिक मदद कर शादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ज्ञात हो कि श्वेता कुमारी गढ़वा जिले की रहने वाली है। उसके पिता की मृत्यु 8 साल पहले ही हो गयी थी। वहीं माता का देहांत भी इसी वर्ष हो गया। माता पिता के देहांत के बाद श्वेता अपने नाना बेलाश राम के यहां रह रही थी। नाना ने ही शादी की



जिम्मेवारी उठायी। बूढ़े नाना-नानी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसकी सूचना थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को मिली तो उन्होंने अनाथ बच्ची से मिलकर भरोसा दिलाया कि उसकी शादी धूमधाम से होगी। थाना प्रभारी गुरुवार देर रात शादी समारोह में पहुंच कर पूरी रात्रि अपने अन्य सहयोगी पुलिस कर्मी के साथ मौजूद रहे। थाना प्रभारी के इस पुनीत कार्य को लेकर चारों तरफ चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## एकजुट होकर काम करें कार्यकर्ता : संगठन मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस में बालूमाथ, चंदवा, बारियातु और हेरहंज मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. नरेंद्र सिंह रैणा, मनोज सिंह (परिशिक्षण मंत्री) उपस्थित हुए। रैना ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राम कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, प्रदीप यादव, मुकेश सिंह, चेतलाल राम, रविंद्र सिन्हा, शैलेश सिंह, रामजी सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, बृजमोहन राम, अमित कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिर कर घायल हुए युवक का रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

सेरका ग्राम निवासी सुजीत कुमार (19) पिता कैलाश गंझू का घायल अवस्था में रिम्स ले जाने के दौरान मांडर के पास मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार युवक पेड़ में चढ़ा हुआ था और अनबैलेंस होकर ऊपर से ही गिरकर घायल हो गया। उसे आनन-फानन में परिजनों व ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर की माने तो युवक को आंतरिक चोटें आई थी। नाक कान से रक्त स्राव हो रहा था।

### हादसों में तीन पहुंचे सीएचसी, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत पिंड़ारकोम ग्राम में युवक रामअवतार यादव पिता पारसनाथ यादव घर में काम कर रहा था कि इसी बीच युवक अनियंत्रित होकर लोहे का सरिया पर जा गिरा, जिससे रड युवक की पीठ में जा घुसा। इससे घायल युवक को आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ मुख्य मार्ग प्रतीक्षा होटल के पास की है, जहां 27 वर्षीय गुलाब प्रसाद (छोटू) पिता तुलसी साव मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य लाया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं तीसरी घटना ग्राम मुक्की की है जहां विवाहिता सूरज मणि देवी (32) पति सुरेंद्र राम ने पारिवारिक विवाद में आकर कीटनाशक दवा खाकर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य लाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## वन विभाग ने 11 बोरा अवैध बीड़ी पत्ते को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के प्रभारी नव प्रोन्नत रेंजर नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में अवैध बीड़ी पत्ता व्यवसायियों पर अंकुश लगाने के लिए किए गए छापामारी में 11 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता हेहेगडा के जंगलों से जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार छिपादोहर वन क्षेत्र पलामू व्याघ्र परियोजना बफर जोन एरिया में अवैध वन तस्करों द्वारा पूरे जोर-शोर से बीड़ी पत्ता व्यवसाय चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वन विभाग द्वारा अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारियों पर



अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कारवाई की जा रही है। इससे पूर्व छिपादोहर पूर्वी रेंजर द्वारा मंगलवार को 10 बोरा बीड़ी पत्ता जब्त किया गया था। प्रभारी रेंजर नंद कुमार मेहता ने कहा कि अवैध बीड़ी पत्ता तुड़ाई करने वाले पर अंकुश लगाने के लिए छापामारी जारी रहेगी।

### पहल युवाओं के दल ने अब तक 7000 किमी यात्रा पूरी की

# पैदल यात्रा से पर्यावरण बचाने का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

पैदल यात्रा कर रहे युवक गुरुवार की रात्रि जब मनिका देवी मंडप के प्रांगण पहुंचे तो वहां पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। वहीं इस विषय में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ के सौरभ दिव्यांग और उत्तर प्रदेश के आदित्य शर्मा ने बताया कि हमारी पैदल यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि लोग आने वाले समय में खुद को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण को बचाएं और पेट्रोल डीजल से चलने वाले मोटर वाहनों का प्रयोग कम से कम करें ताकि ट्रैफिक और प्रदूषण की समस्या से बचा जा सके। लोगों को अपने जीवन में प्रतिदिन कम से कम 1 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। लंबी दूरी के लिए ही वाहनों का प्रयोग करना चाहिए ताकि पेट्रोल



और डीजल को बचा सके और आने वाले समय में उसका सही से उपयोग करें, जिससे हमारा आने वाला समय सुधरेगा और हम लोग स्वास्थ्य रह सकेंगे। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने पैदल यात्रा की शुरुआत 7 अक्टूबर 2021 को की थी और अभी तक हम लोग ने देश के 12 राज्यों में 7000 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर ली है। इस दौरान लोगों का समर्थन मिल रहा है। मौके पर समाजसेवी अंकित कुमार, आनंद कुमार, केडीएम स्कूल के शिक्षक ऋषभ राज भारती, कुंदन कुमार, आकाश भारती मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो महिलाएं घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सासंग मोड़ के समीप शुक्रवार शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। लातेहार से लौट रहे बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उंराव, बारियातु प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझू ने दोनों घायलों को अपने वाहन से चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचाया। घायल महिलाओं की पहचान सुकांती देवी पति स्व राजेश लोहरा व सुमम देवी पति आनंद उंराव दोनों किता चेटर निवासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनो महिलाएं एक बाइक पर सवार होकर चंदवा से मजदूरी कर घर लौट रही थी सासंग मोड़ के समीप पीछे से आ रही ट्रक ने कट मार दिया जिससे बाइक चला रहा युवक अपना संतुलन खो दिया और बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे।

## '16 जून तक रैयती की मान्यता नहीं मिली तो उग्र आंदोलन होगा'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया(चतरा)**

सिमरिया प्रखंड के इचाक खुर्द गांव से होकर गुजर रही शिवपुर-कठौतिया न्यु बीजी रेल लाइन के प्रभावित किसान मुआवजा की मांग को लेकर 17 वे दिन भी धरना पर बैठे रहे। धरना भाकपा अंचल परिषद के नेतृत्व में शिवपुर कठौतिया रेल लाइन किसान संघर्ष समिति के द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को धरना स्थल पर बैठे भाकपा अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय ने कहा कि 11 जून को प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में वाम मोर्चा की बैठक होगी। बैठक में रेलवे विभाग और प्रशासन के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी। इसके बाद योजना बद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। 16 जून तक अगर गैर मजरूआ खास बंदोबस्त और भूदान जमीन को रैयती का मान्यता नहीं मिला तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जवाबदेही इरकॉन कंपनी और प्रशासन के अधिकारी की होंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रभावित सभी गांव के रैयत और वाम मोर्चा के लोग एकजुट होकर डीसी ऑफिस का घेराव किया जाएगा। वही धरना स्थल पर रैयत किसानों की एक बैठक अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों ने इरकॉन कंपनी के द्वारा प्रशासन




पर दवाब बनाकर जमीन हड़पने की साजिश करने पर जमकर विरोध किया। किसानों ने कहा कंपनी के लोग यहां आकर जमीन लेकर तो दिखाए, उसका खामियाजा कंपनी को भुगतना पड़ेगा। किसान अपनी जमीन को छोड़ने वाले नही है। किसानों ने कहा कि मर मिट जाएंगे पर जमीन नहीं देंगे। किसान 17 दिन से धरना शांतिपूर्ण तरीके से करते आ रहे है। बावजूद इरकॉन कंपनी और प्रशासन की नींद नही खुली है। मौके पर अर्जुन कुमार, मोती दांगी, नरेश कुशवाहा, शंकर दांगी, गेंदों राणा, नंदेश्वर दांगी, सुधीर सिंह, राजेंद्र दांगी, जहुर मियां, सोना महतो, सुरेश दांगी, इजहार मियां, पुरन दांगी, प्रीतम दांगी, बढ़न दांगी, जैनुल मियां शामिल थे।

### बलिदान दिवस पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने धरती आबा को दी श्रद्धांजलि

# आम व खास ने भगवान बिरसा मुंडा को किया याद






**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारत मां के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर शत शत नमन करने के लिए शुक्रवार को लोगों का तांता लगा रहा। शंख नदी स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर आम व खास ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित रांची मेयर आशा लकड़ा ने बिरसा मुंडा की जीवनी से कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था। 8 फरवरी 1900 को अंग्रेज अधिकारी जेपी हैवेट ने ब्रिटेन में विदेश मंत्री (भारत के प्रभार में) सर अर्थर गोडले को पत्र लिखा कि छोटनागपुर में मुंडा लीडर बिरसा मुंडा एवं उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 9 जून 1900 को रांची जेल में बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली थी। इतनी कम उम्र में ही बिरसा मुंडा ने जो उलगुलान किया था उससे अंग्रेज भयभीत रहते थे। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उनके जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में राष्ट्रीय छुट्टी घोषित किया गया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सिंह, राजकिशोर महतो, प्रवीण सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, लखन उराव, ओम प्रकाश गुप्ता, बृजनंदन यादव, मंगल यादव, निधि कांत प्रसाद एवं नासिर आलम आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस जनों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमे संख नदी पिकेट स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई एवं उनके सच्चे शहादत को याद किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड के वीर सपूत एवं जननायक थे जिन्होंने देश की आजादी व अन्याय शोषण के खिलाफ अंग्रेजो से संघर्ष किया। आज एक बार फिर जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए एक और उलगुलान क्रांति की जरूरत है। बिरसा मुंडा के आदर्शो पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि आदिवासियों के महानायक बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास में एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने झारखंड में 19वीं शताब्दी में अपने क्रांतिकारी गतिविधियों से समाज की दशा और दिशा बदलकर रख दी थी. विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा बड़े जननायक थे। इनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर रीना भगत,समुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग,संभू प्रजापति,सीमा परवीन,विनय उरांव, मुस्ताक अहमद, सत्यदेव भगत, विनोद खेरवार,सनियारो उरांव, बबीता देवी, अनमोल तिर्की, समिम अंसारी,रंजीत लकड़ा, तौसीफ आलम, असलम अंसारी,कबीर अंसारी, सरस्वती उरांव, सैफ अहमद, सुभम सहदेव, मुनव्वर आलम, जीवन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा ने समाज में जगाई राष्ट्रीय चेतना : उपायुक्त

**लोहरदगा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा शंख नदी और समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने उनके अदम्य साहस और वीरता को याद किया। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश की संस्कृति के संरक्षक थे। जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और उनके कर्म और धर्म को समझाया, साथ ही ज्ञान का उजियारा भी फैलाया। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार एवं ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन ने लोगों में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण किया। उन्होंने पारंपरिक भूमि अधिकार, सांस्कृतिक, धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ अदम्य संघर्ष किया। डीसी ने कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा व दिशा बदलकर नवीन सामाजिक एवं राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। उनके विचार एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** ग्राम कुटमू के ग्राम प्रधान बन्धन मुण्डा, कुटमू मुखिया राजू उरांव, पंचायत समिति गणेश मुण्डा, सामाजिक कार्यकर्ता सहदेव उरांव, राहुल उरांव एवं बुद्धिजीवियों महिला /पुरुष ग्रामवासियों की अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा शहदात दिवस पर बमन्डीहा दुपट्टा और कचहरी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पूजा पाठ किया गया। मौके पर सुरजमनी उरांव, नौरी उरांव, पुष्पा उरांव, रंजनी उरांव, बुधमनिया उरांव, सुनिता उरांव, मनियारो उरांव मामता उरांव, पार्वती उरांव चुनू उरांव, शनिया उरांव, बिरसु उरांव, तिवारी उरांव आदि मौजूद थे।

### NEWS इन ब्रीफ

#### ट्रैक्टर के गड्ढे में गिरने से चालक की मौत

**कैरो।** थाना क्षेत्र के गितिलगढ़ गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर गड्ढा में गिरने से चालक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गुरुवार को गितिलगढ़ निवासी सुमन उराँव पिता भरतु उराँव अपना ट्रैक्टर जेएच 08 जे 3155 को लेकर बडमारा सर्विसिंग कराने गया था सर्विसिंग कराकर रात्रि में वह अपने घर लौट रहा था तभी गितिलगढ़ सामुदायिक भवन के सामने नरशाला गढ़ा में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर जा गिरा जिससे वह इंजन डल्ला के बीच दब गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर का स्टेयरिंग टूट गया था जिससे घटना घटी घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना एस आई ऋषिकांत शर्मा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी करवाई में जुड़ गई।

#### राजी पहाड़ा सरना झंडा बदलीं का कार्यक्रम हुआ

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के गुरु साल्वे ग्राम में गुरुवार को राजी पहाड़ा सरना प्रार्थना सभा जिला अध्यक्ष अशोक उरांव के नेतृत्व में सरना झंडा बदलीं का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बिश्रामपुर, कमाहीं, बारिखाप, चमरएंगआ, लाटु, टोटी, टून्डाहुटु, इटके के अलावा लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित हुए। अशोक उरांव के नेतृत्व में पारंपरिक रीति रिवाज व भजन के साथ झंडा बदलीं का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भर्ती कैंप में अलग-अलग कंपनियों ने किया अभ्यर्थियों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड के निदेश पर शुक्रवार को जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में एक दिवसीय मिनी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस भर्ती कैंप में चार निजी कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। एडुवांटेज प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली ने ट्रेनी पद के लिए 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का अंतिम रूप से चयन किया गया। वीएसएस एंटरप्राइजेज गुरुग्राम कंपनी के द्वारा तीन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का



सेमी स्किल पद के लिए चयन कर लिया गया। एसआईएस लिमिटेड रांची द्वारा 15 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और 6 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन सिक्योरिटी एडवाइजर/गार्ड के लिए कर लिया गया। बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लोहरदगा द्वारा पांच लोगों का साक्षात्कार लिया गया जिनमें 2 लोगों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, यंग प्रोफेसनल प्रबीर गोप समेत नियोजन कार्यालय के अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में अभ्यर्थीगण उपस्थित थे।


## घर के सामने खड़े दो ट्रैक्टरों से बैट्री चोरी

**कैरो।** थाना क्षेत्र में इन दिनों घर के सामने खड़ी वाहनों से बैट्री चोरी होने की घटनाएं हो रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि नरौली निवासी परवीन साहू पिता देवनु साहू के कैरो चट्टी मुख्य पथ पर खण्डा और नरौली के सीमाने पर बने घर के सामने खड़ी दो ट्रैक्टरों से अज्ञात चोरों ने बैट्री की चोरी कर ली। जिसको लेकर परवीन साहू ने शुक्रवार को थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराने व आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई करने की गुहार लगाई है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले इसी तरह की घटनाएं थाना क्षेत्र के गराड़ीह गांव में भी घट चुकी है वहा पर भी दो जगहों पर खड़ी दो ट्रैक्टरों से भी बैट्री की चोरी हो चुकी है।

## पशु तस्करी मामले में तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
पशु तस्करी मामला में सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए तीन संलिप्त आरोपियों को कंडरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जय माता दी होटल के समीप गुप्त सूचना पर पशु लदा एक ट्रक को पुलिस जब्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई थी।

सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पशु तस्करी मामले में सेन्हा थाना कांड संख्या 77/23 दर्ज कर चालक, उपचालक एवं सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छतीसगढ़ राज्य के रायगढ़ से पशु लोड कर चितरी डांडु लाया जा रहा था। इसी दरमियान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ




था। इस पर कारवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर घटा सहूवा टोली निवासी केश्वर उरांव के पुत्र लालू उरांव, अधीश टोप्पो के पुत्र अंकित टोप्पो और सोमा उरांव के पुत्र अनिल उरांव को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य लोगों के विरुद्ध पशु तस्करी मामला में संलिप्ता होने की पुष्टि पर पुलिस लगातार कारवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि झारखंड गोवंशीय अधिनियम 2005 के आलोक में धारा 12 व पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत धारा 11 के अंतर्गत तीनों गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांचोपरांत शुक्रवार को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

## 16 सदस्यीय एथलेटिक्स जूनियर टीम रामगढ़ रवाना

### प्रथम झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तहत 16 सदस्य एथलेटिक्स जूनियर टीम रामगढ़ में होने वाली दो दिवसीय 10 और 11 जून को प्रथम झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए टीम कोच संतोष राम के नेतृत्व में रवाना हुई। इस टीम को पुलिस/ आर्मी/ एथलेटिक डीएफएमटी कोच विनय उरांव और राष्ट्रीय खिलाड़ी विनोद महली ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में फैजान खान, अशफाक




खान बालिका वर्ग में प्रियंका उरांव, पूजा कुमारी, जैस्मिन कुमारी, अंडर 16 बालक वर्ग में सूरज कुमार, विकास महतो, निशांत भगत, अनुज उरांव, छोटू उरांव, सचिन उरांव, बालिका वर्ग में प्रेरणा पन्ना, लक्ष्मी कुमारी, रीता कुमारी, सुगंती कुमारी, रानी प्रेरणा उरांव शामिल होंगे।

## मुस्लिम व कुम्हार टोली में नाली निर्माण नहीं होने से परेशानी



**कैरो।** प्रखंड के कैरो मुस्लिम मुहल्ला व कुम्हार टोली के लोगों ने पथ प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता के नाम लिखित आवेदन देकर कैरो टाटी, कैरो चट्टी मुख्य पथ पर कैरो पेट्रोल पम्प के आगे से लेकर सद्दाम अंसारी के घर तक सड़क के दोनों ओर लगभग 700 फिट पक्की नाली निर्माण की गुहार लगाई है। लिखित आवेदन में कहा गया है कि उपर्युक्त जगह पर नाली नही होने से मुस्लिम मुहल्ला व कुम्हार टोली का पानी निकासी में परेसानी होती है। खासकर बरसात के दिनों में तो पानी निकलता ही नही। जिससे पूरे मुहल्ले में जलजमाव हो जाती साथ ही साथ रास्ता कीचड़युक्त हो जाता है,घरों में पानी तक घूंस जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण से पहले सड़क किनारे पक्की नाली बनी हुई थी सड़क चौड़ीकरण के समय नाली को तोड़ दिया गया और सड़क को चौड़ी कर दी गई। संवेदक के द्वारा कहा गया था कि यहां पर नाली बना दी जाएगी परन्तु आज तक नाली का निर्माण नही कराया गया है। अब सड़क का काम भी लगभग खत्म होने के कगार पर है। सड़क किनारे नाली निर्माण को लेकर सड़क निर्माण की कुल लागत में से 3 करोड़ 79 लाख 45 हजार 800 सौ रुपये प्रावधान किया गया है। लिखित आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से शोएब अख्तर, मजहर खान, नेजाम अंसारी, रोजमत खान, मुस्लिम अंसारी, समीम अंसारी, कयूम अंसारी, संजय महतो, राजेन्द्र महतो आदि शामिल है।

## चतरा संक्षिप्त

### विपक्षी पार्टियों की नींद उड़ी हुई है : सांसद

**गिद्धौर (चतरा)।** उपलब्धियों से भरा रहा है पीएम नरेंद्र मोदी के नौ साल।यही वजह है कि विपक्षी पार्टियों की नींद उड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से पूरी विपक्ष विचलित हो उठा है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी को परास्त करने एकजुट हो रहे हैं। परंतु वैसे पार्टियों की मनसा पूरी नहीं होगी। पूरे दमखम के साथ मोदी जी एक बार पुनः सरकार बनाएंगे। उक्त बातें सांसद डा. सुनील कुमार सिंह शुक्रवार को गिद्धौर में आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने समर्पित कार्यकताओं को घर-घर जाकर मोदी जी के नौ साल में किए गए कार्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही साथ मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने के उपलक्ष में चला जा रहा महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा प्रत्येक पंचायत में डीएमएफटी फंड से सभी सुविधा युक्त समुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही साथ प्रत्येक पंचायत में एक एक बड़े तालाब की जीणोर्धार भी की जाएगी। ताकि किसानों को सिंचाई में कोई दिक्कत न हो सके।वहीं दूसरी तरफ सांसद राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा राज्य में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे फैला हुआ है। इस सरकार को बने रहने की कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव में भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का भी कार्यकताओं से आह्वान किया। मौके पर पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, विनोद बिहारी पासवान, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा,युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, महादेव दांगी, शिवबालक सिंह, सुभाष सिंह, शशिकांत सहाय, महेंद्र राम, कविता देवी, प्रीतम यादव, चमारी प्रसाद दांगी, बिंदेश्वरी यादव, लखन दांगी, प्रणेश कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता सहित अन्य थे।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम पंचायतों और गावों के विकास में निभाएगा कारगर भूमिका

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय विकासोन्मुखी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पिरामल फाउंडेशन की टीम द्वारा ग्रामपंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) एवं ग्राम पंचायत सुविधा टीम (जीपीपीएफटी) को जमीनी-स्तर पर उतारने पर विस्तार से चर्चा की गई। टीम के सदस्य नितिश कुमार, अमृता प्रजापति एवं रवि कुमार गुप्ता द्वारा अभिसरण फोरम गठन करने पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि प्रखंड और पंचायत स्तर से सदस्य रहेंगे, जो तय करेंगें कि पंचायत के विकास में किन-किन बिन्दुओं को स्थान दिया जाएगा। सभी टीम एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर काम करेंगे। इसके लिए प्रत्येक माह फोरम के सदस्यों की बैठक होगी। जिसमें कम लागत और बिना लागत वाली गतिविधि का कलैंडर जारी करने, सहित अन्य बिंदुओं के बारे में बताया। प्रखंड प्रतिनिधि प्रत्येक ग्राम-पंचायत का मूल्यांकन करेंगे, साथ ही आदर्श प्रखंड व ग्राम को बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना और गतिविधियों पर चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड प्रधान सहायक जय प्रकाश शर्मा,मुकेश कुमार, जेएसएलपीएस से आजाद कुमार,बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर संध्या कुमारी के अलावा शिक्षा विभाग से बीआरपी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### पहल | मन का मिलन पखवाड़ा में अब तक कई केसों का हुआ निपटारा

# आपसी सहमति से तीन केसों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झालसा रांची के तत्वावधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में 29 मई से 14 जून तक चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत 8 एवं 9 जून को कुल तीन केसों का निष्पादन किया गया। 8 जून को मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत एक सिविल वाद का निष्पादन किया गया, जिसमें वादी प्रथम पक्ष सालू उरांव एवं दूसरे पक्ष हकीमुद्दीन अंसारी के बीच मध्यस्थ के माध्यम से आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। 9 जून को भी दो क्रिमिनल केस का निष्पादन किया गया।




सेनहा थाना कांड संख्या 92/22, जो बिजली विवाद को लेकर हुई मारपीट से संबंधित था, का निष्पादन रुखसार बीवी एवं गुलाम अंसारी के बीच आपसी समझौता कर किया गया। इसके फलस्वरूप सेनहा थाना कांड संख्या 67/2020 का भी न्यायालय स्तर पर सुलह के आधार पर निस्तारित करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि उपर्युक्त तीनों केस सिविल जज सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री राज कल्याण के कोर्ट से संबंधित हैं। डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दी कि मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत सिविल कोर्ट परिसर में एक स्थायी बेंच का गठन किया गया है, जिसमें अब तक 500 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा है। मन का मिलन पखवाड़े तथा विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में जानकारी ली है, जिसका विस्तृत विवरण प्रतिनियुक्त पीएलवी मन का मिलन पखवाड़े संबंधित रजिस्टर में संकलित करते हैं।

**NEWS इन ब्रीफ**

## वेदांता रिसोर्सेज की बीते वित्त वर्ष में 4.6 अरब डॉलर की कर-पूर्व आय रही

**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने बीते वित्त वर्ष में 4.6 अरब डॉलर की कर-पूर्व आमदनी की जबकि 2.8 अरब डॉलर का पूर्व-पूंजीगत व्यय मुक्त नकद प्रवाह रहा। कंपनी ने विगत बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसकी कर-पूर्व एबिटा आय अब तक की दूसरी सर्वाधिक है, वहीं पूर्व-पूंजीगत व्यय नकद प्रवाह अभी तक का सर्वाधिक है। कंपनी ने कहा, वेदांता की वित्त वर्ष 2022-23 में 4.6 अरब डॉलर की कर-पूर्व आय रही। इस दौरान पूंजीगत व्यय से पहले मुख्य नकद प्रवाह 2.8 अरब डॉलर किया। वेदांता का सकल ऋण मार्च, 2023 तक 12 महीनों में 9.8 अरब डॉलर से गिरकर 7.8 अरब डॉलर रह गया।

# अरहर दाल ने बिगाड़ा रसोई का बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टमाटर और अदरक के बाद अब दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते एक महीने में अरहर की दाल में करीब 10 फीसदी का इजाफा देखने को मिल चुका है। वहीं बाकी दालों की कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिली है। मई से जून के बीच में बेमौसम बारिश की वजह से फसलों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा प्रोडक्शन कम होने की वजह से भी दाल की कीमत में तेजी आई है। वहीं दूसरी ओर टमाटर और अदरक के अलावा दूसरी हरी सब्जियों की कीमत में इजाफा हुआ है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर मौजूदा समय में दालों से सब्जियों के दाम कितने हो गए हैं।



**अरहर की कीमत में इजाफा :** सरकारी वेबसाइट में भी अरहर की दाल में एक महीने में 9 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली में 8 जून को अरहर की दाल की कीमत 142 रुपए थी, जबकि 8 मई को यही दाम 130 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि खुले बाजार में अरहर के रिटेल दाम में एक महीने में 20 रुपए प्रति किलोग्राम की तेजी आ चुकी है। चने की दाल की बात करें तो एक महीने में कोई खास असर देखने को नहीं मिला है। 8 मई को भी चने की दाल की कीमत 72 रुपए थी और अब भी वही कीमतें बनी हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार उड़द की दाल की कीमत में भी कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। 8 मई और विगत 8 जून दोनों दिन दाल के दाम 123 रुपए प्रति किलोग्राम ही देखने को मिले हैं। मूंग की दाल एक रुपया प्रति किलोग्राम महंगी हुई है। 8 मई को दिल्ली में मूंग की दाल 112 रुपए प्रति किलोग्राम थी और आज 8 जून को इसी दाल की कीमत 113 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। मसूर की दाल में भी तेजी देखने को मिली है। एक महीने पहले मसूर की दाल 92 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो 8 जून को बढ़कर 92 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

## कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.45 डॉलर यानी 0.59 फीसदी की गिरावट के साथ 75.51 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.43 डॉलर यानी 0.60 फीसदी फिसलकर 70.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# वी इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स पर अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वी उद्योग जगत में अनलिमिटेड आईआर पैक्स के साथ इंटरनेशनल यात्रा करने वाले पर्यटकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है। विदेश की यात्रा करने वाले लोगों के लिए वी इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) पैक्स पर लेकर आया है। अनलिमिटेड डेटा और कॉल्स के साथ वी के उपभोक्ता स्पीड में किसी तरह रूकावट के बिना सही मायनों में अनलिमिटेड कॉल्स और हाई-स्पीड डेटा का अनुभव पा सकते हैं। वी इंटरनेशनल रोमिंग पर यूएल के फायदे देने वाला एकमात्र ऑपरेटर है, जो इंटरनेशनल रोमिंग के दौरान सही मायनों में अनलिमिटेड डेटा एवं कॉल्स, फ्री इनकमिंग कॉल्स और एक्सक्लुजिव कस्टमर सर्विस का अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करता है कि डेटा की स्पीड में किसी तरह की रूकावट न आए और आप स्ट्रीमिंग का शानदार अनुभव पा सकें। वी ने दुनिया भर के विभिन्न गंतव्यों के सर्वश्रेष्ठ सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी की है ताकि वी के यूजर इंटरनेशनल यात्रा के दौरान कनेक्टिविटी का बेजोड़ अनुभव पा सकें। वी के रूझान बताते हैं कि भारत के 90 फीसदी पर्यटक छुट्टियां मनाने के लिए यूएस, यूरोपीय देशों (जैसे यूके, फ्रांस, इटली, जर्मनी, ग्रीन आदि), तुर्की, यूएई, सिंगापुर, थाईलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड आदि लोकप्रिय गंतव्यों को चुनते हैं। इन स्थानों की यात्रा के दौरान भारतीय लोग स्ट्रीमिंग का बेजोड़ अनुभव पाना चाहते हैं, वे अपने प्रियजनों को अपनी तस्वीरें और वीडियो भेजना चाहते हैं।

# सुनक और बाइडेन ने की नई आर्थिक साझेदारी की शुरूआत



**वाशिंगटन।** भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए अटलांटिक घोषणापत्र नामक एक नई आर्थिक साझेदारी की शुरूआत की है। अक्टूबर 2022 में कार्यभार संभालने के बाद सुनक का ओवल कार्यालय का यह पहला दौरा था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह साझेदारी आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमजोरियों को भी कम करेगी और रूस को वैश्विक असैन्य परमाणु ऊर्जा बाजार से बाहर रखेगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, संकट में सूचना साझा करना, 5जी, 6जी और असैन्य परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। बाइडेन ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को यूक्रेन पर उनकी साझेदारी के लिए धन्यवाद दिया और उनके देशों के बीच संबंधों की सराहना की। व्हाइट हाउस में बैठक के बाद गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा, आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री चर्चिल और रूजवेल्ट 70 साल पहले यहां मिले थे और उन्होंने जोर देकर कहा था कि ग्रेट ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच साझेदारी की ताकत दुनिया की ताकत है। मुझे अब भी लगता है कि उस दावे में सच्चाई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडेन और सुनक ने बैठक के दौरान यूक्रेन पर बात की। सीएनएन ने बताया कि अपने न्यूज कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि रिपब्लिकन के बीच विभाजन के बावजूद कांग्रेस यूक्रेन को समर्थन देना जारी रखेगी।।

# कनाडा ने एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ के लिए उम्मीदवारों को किया आमंत्रित

**एजेंसी। टोरंटो**

कनाडा ने जून 2023 के लिए अपने नवीनतम एक्सप्रेस एंट्री ड्रा में न्यूनतम व्यापक रैंकिंग प्रणाली (सीआरएस) स्कोर 486 के साथ 4,800 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया है। गुरुवार को देश की प्रमुख आर्थिक आव्रजन प्रबंधन प्रणाली का 14वां ड्रा 24 मई को सबसे हालिया ड्रा के बाद आया, इसमें 488 के न्यूनतम सीआरएस स्कोर वाले 4,800 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया है। यह इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) द्वारा एक्सप्रेस एंट्री उम्मीदवारों के लिए श्रेणी-आधारित चयन के अपने पहले लॉन्च की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है। ये श्रेणी-आधारित चयन आमंत्रण उन उम्मीदवारों पर केंद्रित होंगे, जिनके पास मजबूत फ्रेंच भाषा की प्रवीणता है, या स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और कृषि-खाद्य, एसटीईएम व्यवसायों और ट्रेडों जैसे बढ़ई, प्लंबर और ठेकेदार परिवहन जैसे क्षेत्रों में




कार्य अनुभव है। आईआरसीसी को इस गर्मी में श्रेणी-आधारित ड्रा आयोजित करने की उम्मीद है, लेकिन अभी तक कोई सटीक तिथि प्रदान नहीं की गई है। 2023 में अब तक 13 ड्रॉ में 49,948 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया है। कोविड-19 महामारी से संबंधित विराम के बाद विभाग ने जुलाई 2022 तक कोई भी ऑल-प्रोग्राम ड्रॉ आयोजित नहीं किया। एक्सप्रेस एंट्री उन लोगों के लिए कनाडा की प्रमुख एप्लिकेशन प्रबंधन प्रणाली है जो फेडरल स्किल्ड वर्कर प्रोग्राम, फेडरल स्किल्ड ट्रेड्स प्रोग्राम, कैनेडियन एक्सपीरियंस क्लास और प्रोविंशियल नॉमिनी प्रोग्राम के एक हिस्से के माध्यम से स्थायी रूप से प्रवास करना चाहते हैं।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/02/2023-24(3rd Call)

कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डुमरी प्रखण्ड में कस्तूरबा गाँधी बालीका विद्यालय, डुमरी में किचेन शेड एवं डाइनिंग हॉल का निर्माण कार्य। | 24,99,500.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.06.2023 से दिनांक 27.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे अपराह्न।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR 299685 Rural Development(23-24)D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/01/2023-24Re (3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत सिसई प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिसई मे BPHU का निर्माण कार्य। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 09 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत कामडारा प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कामडारा मे BPHU का निर्माण कार्य। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.06.2023 से दिनांक 27.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे अपराह्न।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.299683 Rural Development(23-24):D — कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114

Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-24 / 2022–23 Dated – 08.06.2023

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Murka, SVS under Garhwa Block | Gar-07 | 01 No. | 5,46,145.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 2 | Chakari, SVS under Dandai Block | Gar-11 | 04 Nos | 31,65,123.00 | 64,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | Date & time of Tender Uploading on Website | | 10.06.2023/12:30 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Bid Submission | | 16.06.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 17.06.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| | Date & time of Opening Tender | | 19.06.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 299643 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

E-Mail – nrepgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 04/2022-23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.06.2022 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 29.06.2022 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 29.06.2022 को 03.00 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
8. कार्य मद :– अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | घाघरा | Repair of Hostel at ST Residential School, Tusgaon under Block Ghaghra | 16,98,800.00 | 34,000.00 | 5,000.00 | 06 माह |

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक / बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
   जो निम्न है :–(i) 10% से 20% कम दर तक की राशि का 20% तक।
   (ii) 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 299659 NREP(23-24)D

---

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची।
## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू।

Email Id-dhopalamau@gmail.com

**आम सूचना।**

विभागीय राज्यादेश सं0–15 दिनांक 05.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2023–24 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के कृषकों से आवेदन की मांग की जाती है। उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान पर भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति एवं योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO (कृषक उत्पादक संगठन) आवेदन कार्यालय से या प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/उद्यान मित्र से प्राप्त कर सत्यापित कराते हुए पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा प्राप्त कर दिनांक–30.06.2023 तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | अवयव | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या/एकड़) |
|---|---|---|
| 1 | बागवान/उद्यान मित्रों/कृषकों को 05 दिवसीय उद्यानिकी प्रषिक्षण | 429 प्रषिक्षणार्थी। |
| 2 | युवाओं की 25 दिवसीय माली प्रषिक्षण | 21 प्रषिक्षणार्थी |
| 3 | मिर्चा की खेती | 35 हे0 |
| 4 | ओल की खेती | 35 हे0 |
| 5 | अदरख की खेती | 21 हे0 |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 17 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फुलों की खेती | 52 हे0 |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 20 हे0 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 43 इकाई |
| 10 | सब्जी की खरीफ एवं रब्बी की खेती | 270 हे0 |
| 11 | मश्रूम कीट वितरण | 130 कृषक |
| 12 | संरक्षित फूलों की खेती | 0.5 हे0 |
| 13 | पपीता की खेती | 21915 पौध |
| 14 | टिषूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | 17 हे0 |
| 15 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फल, फूल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) | 34 इकाई |

नोट:–
1. वैसे कृषकों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा, जो विगत तीन वर्षो से उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का कोई लाभ नही लिए हों।
2. वित्तीय वर्ष 2023–24 में उद्यान निदेशालय अन्तर्गत सभी योजनाएँ Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में लाभुकों को टोकन की उपलब्धता अनिवार्य होगी। बिना टोकन प्राप्त किये किसी प्रकार का लाभ देय नही होगा।
4. ST, SC एवं लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है, चयन में उन ग्रामों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा, जिनकी उम्र 20 से 45 वर्ष की बीच हो तथा मैट्रिक उतीर्ण या समकक्ष (प्रमाण पत्र) कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
7. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड उद्यान मित्र तथा जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू।

PR 299647 District(23-24)D

---

## झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

(CIN: U40108JH2013SGC001704)

कार्यालय उप महाप्रबंधक (संचरण परियोजना)
संचरण अंचल, डालटनगंज (मेदिनीनगर)

Email: esetcdal@gmail.com, website: www.jusnl.in

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 400 के0भी0 चंदवा– लातेहार डबल सर्किट संचरण लाईन दिनांक 09.06.2023 को समय 02:00 बजें (अपराहन में) आवेशित होने जा रही है। उक्त संचरण लाईन ग्राम– अंगाडा, हीसरी, बेलवाही, एवं कामता जिला–लातेहार से होकर गुजर रही है। आवेशित किए जाने के दौरान उक्त विद्युत क्षेत्र सुरक्षा के दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील हैं। अतः उक्त लाईन से सबंधित सभी टावरो, बिजली उपकरण से पर्याप्त दूरी बनाएं रखे ताकि किसी प्रकार कि दुर्घटना कि संभावना एवं जान माल की क्षति से बचा जा सके।

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह०/–
उप महाप्रबंधक (संचरण परियोजना)
संचरण अंचल डालटनगंज।

PR 299650 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(23-24)#D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसुरियाखांड़ का जीर्णोद्धार कार्य, राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुरहुल का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय डटमा का जीर्णोद्धार कार्य। | 15,90,560.00 | 31,811.20 | 5000.00 | 2 माह |
| 2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोंगा का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय बालिका मध्य विद्यालय किस्को का जीर्णोद्धार कार्य। | 24,65,400.00 | 49,308.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 3 | राजकीय मध्य विद्यालय नवाडीह का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह का जीर्णोद्धार कार्य। | 24,47,300.00 | 48,946.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 4 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अरेया का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय आरा का जीर्णोद्धार कार्य। | 14,63,500.00 | 29,270.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 5 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय महादेव टोली का जीर्णोद्धार कार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंदगढ़ी का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौकनी का जीर्णोद्धार कार्य। | 21,07,750.00 | 42,155.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 6 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बक्सीटोली का जीर्णोद्धार कार्य, राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केरा टोली का जीर्णोद्धार कार्य एवं राजकीय उत्क्रमित प्राथ मिक विद्यालय बदलाटोली का जीर्णोद्धार कार्य। | 19,18,500.00 | 38,370.00 | 5000.00 | 2 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 14.06.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदग ा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय :- 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- **9934523795** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 299639 Lohardaga(23-24)D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार, 10 जून, 2023



ज्ञान की बात

**'आपके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है अपने जीवन के उद्देश्य का पता करना। अपने उद्देश्य का पता कर लिया है तो उसे अपने पूरे दिल एवं आत्मा के साथ करने के लिए जुट जाएं।' – गौतम बुद्ध**



# अपराध पर अंकुश जरूरी

***झारखंड*** में हाल के दिनों में विकास के साथ उग्रवादियों व आपराधिक गिरोहों की सक्रियता बढ़ गयी हैं। कंपनियों से लेवी के रूप में मोटी रकम मिल जाने से इन्हें फलने -फूलने का मौका मिल गया है। ऐसे मामले ज्यादा हजारीबाग व चतरा में देखने को मिल रहे हैं। अपराधियों पर अंकुश लगाकर ही राज्य में व्यापार और कारोबार का माहौल बनाया जा सकता है। ऐसे में पुलिस को चाहिए कि वह और सख्ती का इस्तेमाल करे। हालांकि पुलिस अपने तरीके से काम कर रही है,लेकिन उसे अपने तरीके को और आक्रामक बनाने की जरूरत है। बहरहाल कंपनियों से लेवी के रूप में मोटी कमाई होने के कारण इनके मंसूबे काफी बढ़े हुए हैं। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद भी उसके गुर्गे का विभिन्न क्षेत्रों में लेवी अभियान का जारी रखना खतरे की घंटी है। इस पर अंकुश नहीं लगाये जाने के कारण ही इस गिरोह ने एनटीपीसी की सहायक खनन कंपनी बीजीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर से दो करोड़ की रंगदारी मांगी है। यह हमारी व्यवस्था पर करारा चमाटा है। हालांकि पुलिस आक्रामक होकर कार्रवाई भी कर रही है। यही कारण है कि पिछले दिनों खूंटी में चार नये उग्रवादी संगठन ब्लैक टाइगर की उप शाखा के चार नक्सलियों को हथियार किया जा चुका है। गिरफ्तार नक्सलियों में अजय धान, चंदन होरो, जतरु हेरेंज और मनी मुंडा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कारबाईन, 315 बोर का एक राइफल, 12 बोर का एक देशी बंदूक,10 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल और पीएलएफआई का 10 पर्चा बरामद हुआ है। नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो की गिरफ्तारी के बाद पीएलएफआई संगठन की आड़ में ब्लैक टाइगर ग्रुप की एक्टिविटी बढ़ गई थी। कर्रा, जरियागड़ और तोरपा इलाके में पीएलएफआई के बैनर तले ब्लैक टाइगर व्यवसायियों से लेवी की मांग शुरू कर दिया था और लगातार क्षेत्र में पंपलेट छोड़ संगठन विस्तार में लगे थे। पीएलएफआई के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और बड़ी संख्या में नक्सली गिरफ्तार किये जा रहे हैं। साथ ही हथियार और कारतूस भी बरामद किए जा रहे है। यहां पीएलएफआई संगठन के बैनर तले ब्लैक टाइगर ग्रुप ;पूर्व में आपराधिक संगठन क्षेत्र के व्यवसायियों को पर्चा छोड़ रंगदारी की मांग कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में संगठन विस्तार में लगा हुआ है। लेकिन ब्लैक टाइगर का मास्टरमाइंड पुलिस गिरफ्त से दूर है। ऐसे में बगैर इसे पकड़े शांति संभव नहीं है। पूर्व के आपराधिक गिरोह जो पूर्व में पीएलएफआई के खौफ से बिखर गया था लेकिन क्षेत्र में पीएलएफआई संगठन के बैनर तले ब्लैक टाइगर का उप शाखा बना कर क्षेत्र में एक गिरोह बन गया था। क्षेत्र में यह गिरोह हथियार लेकर व्यवसायियों से लेवी मांगना शुरू कर दिया था। कई व्यवसायियों को चंदा रसीद देकर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया था। बताया जा रहा है कि ये लोग पूर्व में पीएलएफआई से जुड़े थे लेकिन बाद में संगठन छोड़ चुके थे। आपराधिक संगठन ब्लैक टाइगर पीएलएफआई से पूर्व क्षेत्र में एक्टिव था लेकिन पीएलएफआई के इंट्री के बाद से ही संगठन बंद हो गया था। बहरहाल इस स्थिति में पुलिस को और आक्रामकता के साथ इसके सफाये के लिए जुड़ जाना चाहिए।

**पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और बड़ी संख्या में नक्सली गिरफ्तार किये जा रहे हैं। साथ ही हथियार और कारतूस भी बरामद किए जा रहे है।**

# एमएसपी अच्छा कदम फिर क्यों इतने सितम





डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***केंद्र सरकार*** ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाय तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केंद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। बावजूद इसके किसान संगठन नाखुश रहते हैं। इनकी नाखुशी का बड़ा कारण यह होता है मंडी में खरीद ठीक ढंग से नहीं होती। होना यह चाहिए सरकारी खरीद पर कोई ना नुकर नहीं कर पाए। इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाय तो एमएसपी का अन्नदाता को पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। दरअसल यक्ष प्रश्न यह है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आंरभ हो जाती है व कभी बंद हो जाती है। सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की ओर ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलनों के दौरान महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी को लेकर है। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाये। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है। अब हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हेक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरे में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है। देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के माध्यम से व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब राजस्थान प्रमुख सरसों उत्पादक प्रदेश था। इसके कारण प्रायः एक साल छोड़कर दूसरे साल एमएसपी की खरीद की आवश्यकता महसूस होती थी। बाजार व्यवस्था का अध्ययन करें तो यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करते हुए बाजार में भावों में हल्की तेजी तो तत्काल देखने को मिल जाती थी। इसी तरह से एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते होते मण्डियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे। पर करीब एक दशक से स्थितियों में तेजी से बदलाव आया है। माने या न माने पर यह काफी हद तक सही है कि एमएसपी खरीद व्यवस्था में अब निजी खरीदारों की भागीदारी बढ़ गई है।

**सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

***रानी की बहन बोली:*** देखो बहन! भगवान बृहस्पतिदेव सबकी मनोकामना को पूर्ण करते हैं। देखो, शायद तुम्हारे घर में अनाज रखा हो। पहले तो रानी को विश्वास नहीं हुआ पर बहिन के आग्रह करने पर उसने अपनी दासी को अंदर भेजा तो उसे सचमुच अनाज से भरा एक घड़ा मिल गया। यह देखकर दासी को बड़ी हैरानी हुई।

**दासी रानी से कहने लगी:** हे रानी! जब हमको भोजन नहीं मिलता तो हम व्रत ही तो करते हैं, इसलिए क्यों न इनसे व्रत और कथा की विधि पूछ ली जाए, ताकि हम भी व्रत कर सकें। तब रानी ने अपनी बहिन से बृहस्पतिवार व्रत के बारे में पूछा। उसकी बहिन ने बताया, बृहस्पतिवार के व्रत में चने की दाल और मुनक्का से विष्णु भगवान का केले की जड़ में पूजन करें तथा दीपक जलाएं, व्रत कथा सुनें और पीला भोजन ही करें। इससे बृहस्पतिदेव प्रसन्न होते हैं। व्रत और पूजन विधि बताकर रानी की बहिन अपने घर को लौट गई। सात दिन के बाद जब गुरुवार आया, तो रानी और दासी ने व्रत रखा। घुड़साल में जाकर चना और गुड़ लेकर आईं। फिर उससे केले की जड़ तथा विष्णु भगवान का पूजन किया। अब पीला भोजन कहाँ से आए इस बात को लेकर दोनों बहुत दुःखी थे। चूंकि उन्होंने व्रत रखा था, इसलिए बृहस्पतिदेव उनसे प्रसन्न थे। इसलिए वे एक साधारण व्यक्ति का रूप धारण कर दो थालों में सुन्दर पीला भोजन दासी को दे गए। भोजन पाकर दासी प्रसन्न हुई और फिर रानी के साथ मिलकर भोजन ग्रहण किया। उसके बाद वे सभी गुरुवार को व्रत और पूजन करने लगी। बृहस्पति भगवान की कृपा से उनके पास फिर से धन-संपत्ति आ गई, परंतु रानी फिर से पहले की तरह आलस्य करने लगी। **तब दासी बोली:** देखो रानी! तुम पहले भी इस प्रकार आलस्य करती थी।

*(क्रमशः)*

# युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति व गलाकाट प्रतिस्पर्धा



योगेश कुमार गोयल

***प्रतियोगी*** परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं। अब नामी-गिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किये जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को करियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे।

**कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है।**

युवा पीढ़ी

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# केंद्र को घेरने का चक्रव्यूह व्यर्थ, अब क्या करेगा विपक्ष?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***एक खबर*** आई और देखते ही देखते सब कुछ बदल गया। हमलावर विपक्ष के हाथ से रेत की तरह मुद्दा फिसल गया। भाजपा के विरोधियों ने केंद्र की मोदी सरकार को बृजभूषण के बहाने घेरने के लिए झूठ का कितना बड़ा महल खड़ा किया, वह अब सभी के सामने आ गया है। दावे इतने किये गये कि पहलवान तो पहलवान कई राजनीतिक पार्टियां, अपने को किसान संगठन कहनेवाले अनेक दल मुद्दे को पकड़कर भागने की दौड़ में लग गये थे। देखें, आखिर जीतता कौन है! इस पूरे प्रकरण की शुरूआत इस साल 18 जनवरी को हुई थी, जब देश के नामी रेसलर बंजरग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचे और भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर तानाशाही करने एवं भेदभाव के आरोप लगाये। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुकी विनेश फोगाट को पूरे देश ने रोते हुए देखा था। इन लोगों के साथ उन तमाम मोदी विरोधी आन्दोलन जीवियों को भी देखा गया था, जोकि हर उस आन्दोलन में दिखाई देते रहे हैं जो किसी न किसी रूप में केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा के विरोध में किये गये। विनेश फोगाट ने आरोप लगाया, बृजभूषण सिंह और कोच महिला पहलवानों का यौन शोषण करते हैं। जब हम इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो हमें ये धमकाते हैं। उन्हें खेल के दौरान पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जाती। यहां तक कि ओलंपिक में खिलाड़ियों को फिजियो तक नहीं मिलता है। जिस नाबालिग पहलवान को आगे कर बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था, जिसके लिए देश की महान खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष 'क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड' पीटी उषा से जंतर मंतर पर पहलवानों के समर्थकों ने बदतमीजी, धक्का-मुक्की की। यहां तक कि पहलवानों की एक समर्थक महिला ने उन पर थप्पड़ तक चला दिया, जैसा की मीडिया रिपोर्ट्स में आया भी । जिसके बाद उनकी डबडबाई आंखों वाली तस्वीरें देश और दुनिया ने भी देखीं । फिर शुरू होता हुआ दिखा जंतर मंतर पर एक के बाद एक विपक्षी नेताओं का जमावड़ा । कभी खाप पंचायतों को तो कभी देशद्रोही तत्वों को जंतर मंतर पर देखा गया। ''मोदी तेरी कब्र खुदेगी, हमें चाहिए आजादी'' जैसे नारे भी लगे । यहां से केंद्र को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई और खाप पंचायतों ने दिल्ली को ट्रैक्टरों से पाट देने की धमकी दी। प्रियंका गांधी के बहाने कांग्रेस, आप जैसी राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे को भुनाने के लिए सबसे आगे दिखीं। प्रियंका गांधी की अपील आई कि पहलवानों का साथ दें । इसी बीच धरना स्थल जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भी खिलाड़ियों का समर्थन किया। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने खुलकर केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'हमारे पहलवानों को पीटा गया और प्रताड़ित किया गया। मैंने पहलवानों से बात की और उन्हें अपना समर्थन दिया, हम उनके साथ हैं।' ममता बनर्जी ने पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेता और हरियाणा से राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी पहलवानों में सबसे आगे वाली पंक्ति में दिखे। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ऐसे में भला कैसे पीछे रहनेवाली थीं, वह भी इस मुद्दे में कूद गईं। उन्होंने इस प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी पुलिस अफसरों तक पर एफआईआर करने की सिफारिश भेज दी।

**विनेश फोगाट ने आरोप लगाया, बृजभूषण सिंह और कोच महिला पहलवानों का यौन शोषण करते हैं। जब हम इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो हमें ये धमकाते हैं।**

देश-विदेश

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गर्मियों में करें इन ड्रिंक्स का सेवन, कंट्रोल में रहेगा ब्लड प्रेशर

ब्लड प्रेशर की समस्या डायबिटीज और दिल की कई बीमारियों को जन्म दे सकती है। इसलिए इस समस्या को नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर हम कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में इस समस्या को नियंत्रित करने में आपकी मदद करेगी। लोगों की जिंदगी में तनाव और चिंता भरी हुई है, ऊपर से उनकी लाइफस्टाइल भी बुरी तरह बिगड़ी हुई है। इसी की वजह से आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी ऐसी बीमारी का शिकार है, जो धीरे-धीरे कर उनके जीने के दिन कम कर रही हैं। इन्हीं बीमारियों में ब्लड प्रेशर की समस्या भी शामिल है। ब्लड प्रेशर की समस्या सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। किसी समय में यह समस्या सिर्फ बुजुर्गों को होती थी। लेकिन अब युवा भी इस समस्या के शिकार हो चुके हैं। इसके पीछे तनाव, चिंता और बिगड़ी लाइफस्टाइल बड़ी वजहें हैं। ब्लड प्रेशर की समस्या डायबिटीज और दिल की कई बीमारियों को जन्म दे सकती है। इसलिए इस समस्या को नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के मौके पर हम कुछ ऐसी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गर्मियों में इस समस्या को नियंत्रित करने में आपकी मदद करेगी।



**छाछ :** गर्मियों के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ का सेवन किया जाता है। ब्लड प्रेशर के मरीजों को ये जानकर खुशी होगी कि छाछ का सेवन कर के वह बड़ी ही आसानी से अपने बीपी को कंट्रोल में रख सकते हैं। छाछ कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होती है, जो बीपी कम करने में मददगार साबित हो सकती है।

**टमाटर का सूप :** गर्मियों में टमाटर का सूप का सेवन करें, इससे आपको बीपी कंट्रोल रखने में मदद मिलेगी। टमाटर में लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद माने जाते हैं। इनका सेवन करने से खुद को सेहतमंद रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा टमाटर का सूप पीने से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के साथ कोलेस्ट्रॉल में सुधार करने में मदद मिलती है।

**नारियल पानी :** गर्मियों में नारियल पानी का सेवन करने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। इसी के साथ ये ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। नारियल पानी में पोटेशियम और इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो किडनी को शरीर से हाई सोडियम को बाहर निकालने में मदद करते हैं। शरीर में सोडियम की मात्रा कंट्रोल होते ही बीपी खुद बी खुद नियंत्रित हो जाता है।

**बनाना मिल्कशेक :** गर्मियों में बनाना मिल्कशेक का सेवन लगभग सभी करते हैं। ये गर्मी की तपिश में शरीर को कूल-कूल रखता है। लेकिन क्या आपको पता है बनाना मिल्कशेक ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। केला को पोटेशियम का पावरहाउस कहा जाता है और ये पोषक तत्व ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार होता है। वहीं केले को अगर दूध के साथ मिला दिया जाए तो इसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम भी मिल जाते हैं। ये तीनों पोषक तत्व ब्लड प्रेशर को कम करते हैं।

# सेल्युलोज कचरे से बायो-एथेनॉल प्राप्त करने की नई पद्धति

एक नये अध्ययन में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के शोधकर्ताओं को ऐसे सूक्ष्मजीव भागीदारों की पहचान करने में सफलता मिली है, जो सेल्युलोज कचरे को कुशलतापूर्वक उपयोगी रसायनों, जैविक ईंधन और कार्बन में बदल सकते हैं। पौधों के शुष्क घटक, जिसे लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास कहा जाता है, पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में पायी जाने वाली नवीकरणीय सामग्रियों में से एक है। यह जैव ईंधन के उत्पादन के लिए पृथ्वी पर सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कच्चे माल के रूप में जाना जाता है। खेती, जंगलों और उद्योगों से निकलने वाले लिग्नोसेल्यूलोसिक कचरे के जैव-प्रसंस्करण से बायो-एथेनॉल, बायोडीजल, लैक्टिक एसिड और फैटी एसिड जैसे मूल्यवान रसायन बनाये जा सकते हैं। लेकिन, जैव-प्रसंस्करण में कई चरण शामिल होते हैं, जो अवांछनीय रसायन छोड़ सकते हैं। इसीलिए, इस प्रक्रिया में कई धुलाई और पृथक्करण चरणों की आवश्यकता होती है, जिससे इसकी लागत बढ़ जाती है। एक नये अध्ययन में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के शोधकर्ताओं को ऐसे सूक्ष्मजीव भागीदारों की पहचान करने में सफलता मिली है, जो सेल्युलोज कचरे को कुशलतापूर्वक उपयोगी रसायनों, जैविक ईंधन और कार्बन में बदल सकते हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि फसल कटाई से पहले और कटाई के बाद निकले कृषि अपशिष्ट और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के कचरे के रूप में सेल्युलोज का एक बड़ा हिस्सा बेकार हो जाता है। जबकि, खेती, जंगलों और उद्योगों से निकलने वाले लिग्नोसेल्यूलोसिक कचरे के जैव-प्रसंस्करण से बायो-एथेनॉल, बायोडीजल, लैक्टिक एसिड और फैटी एसिड जैसे मूल्यवान रसायन बनाये जा सकते हैं।

लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास को उपयोगी रसायनों में बदलने के लिए समेकित जैव प्रसंस्करण नामक अभिनव पद्धति खोजने के लिए वैज्ञानिक निरंतर प्रयास करते रहे हैं। नई विकसित पद्धति सैक्ररिफिकेशन (सेल्युलोज का सरल शर्करा में रूपांतरण) और किण्वन (शर्करा का अल्कोहल में रूपांतरण) को एक चरण में जोड़ देती है। यह पद्धति सिंथेटिक माइक्रोबियल कंसोर्शियम (सिनकोन्स), जो विभिन्न सूक्ष्मजीवों का संयोजन है, के उपयोग पर आधारित है।

समेकित जैव प्रसंस्करण की नई पद्धति की खोज से जुड़े इस अध्ययन में, दो प्रकार के सूक्ष्मजीवों का चयन किया गया है। एक सूक्ष्मजीव समूह सैक्ररिफिकेशन (सेल्युलोज का सरल शर्करा में रूपांतरण) लाता है, तो सूक्ष्मजीवों का दूसरा समूह किण्वन में सहायता करता है। शोधकर्ता बताते हैं कि उच्च तापमान



(थर्मोफिलिक कंसोर्शिया) पर स्थिर सूक्ष्मजीवों का संयोजन विशेष रूप से उपयोगी होता है, क्योंकि किण्वन गर्मी पैदा करने वाली प्रक्रिया होती है। शोधकर्ताओं ने पायरोलिसिस के बाद सेल्युलोज प्रसंस्करण पद्धति विकसित करने के क्रम में दो सिनकोन्स व्यवस्थाओं का अध्ययन किया है। यह विधि कार्बनिक पदार्थों को ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में 500 डिग्री सेल्सियस से अधिक ताप पर गर्म करके विघटित कर सकती है। इसके साथ-साथ पायरोलिसिस को माइक्रोबियल बायोप्रोसेसिंग के साथ एकीकृत किया गया है, जो गैर-प्रतिक्रियाशील कच्चे माल और सह-उत्पादों को कार्बन में परिवर्तित कर देती है। पायरोलिसिस सूक्ष्मजीवों को भी नष्ट कर देती है, जिससे सुरक्षित निपटान की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

आईआईटी मंडी के शोधकर्ता डॉ श्याम कुमार मसाकापल्ली बताते हैं - 'सिनकोन्स के लिए कई सूक्ष्मजीवों का विश्लेषण किया गया है, जो सेल्यूलोज को एथेनॉल और लैक्टेट में बदल सकते हैं। हमने दो सिनकोन्स विकसित किए हैं, इनमें से एक कवक-जीवाणु जोड़ी है, और दूसरी थर्मोफिलिक जीवाणु-जीवाणु जोड़ी है। इन सूक्ष्मजीव समूहों के उपयोग से क्रमशः 09% और 23% उत्पादकता और प्रभावी सेल्यूलोस विघटन प्राप्त हुआ है। अवशेष बायोमास के पायरोलिसिस के बाद, वांछनीय भौतिक-रासायनिक गुणों से लैस एक कार्बन सामग्री प्राप्त हुई है।'

एक अन्य इंजीनियर्ड किण्वक को शामिल करके थर्मोफिलिक सिन्कोन्स युक्त उच्च एथेनॉल पैदावार (33%) प्राप्त हुई है। सैक्रिफिकेशन के लिए सेल्युलोज-एक्टिंग एंजाइम (सेल्यूलस) के सह-उपयोग से 51% एथेनॉल प्राप्त हुई है।

सेल्युलोज एक ऐसा अणु है, जिसमें सैकड़ों - और कभी-कभी हजारों - कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणु होते हैं। यह एक कार्बनिक यौगिक है, जिसमें एक ही प्रकार के अणुओं के लगातार जुड़ने से हजारों अणुओं वाला पॉलीमर बन जाता है। सेल्युलोज का उपयोग कई क्षेत्रों में किया जा सकता है जैसे - कागज उत्पादन, कपड़े, फार्मास्यूटिकल्स आदि। कपास, लिनेन और अन्य प्राकृतिक रेशों का उपयोग सीधे या रेयान बनाने के लिए संसाधित होने के बाद किया जा सकता है।


आईआईटी मंडी की शोधकर्ता स्वाति शर्मा बताती हैं - नये डिजाइन किये गये माइक्रोबियल समूह को सेल्युलोज की बायोप्रोसेसिंग के लिए सेल्यूलस, एथेनॉल और लैक्टेट जैसे औद्योगिक एंजाइम जैसे उत्पाद प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह प्रक्रिया बायो-रिएक्टरों में स्थायी रूप से बायो-एथेनॉल और अन्य हरित रसायन उत्पन्न कर सकती है।

पायरोलिसिस के बाद प्राप्त कार्बन का उपयोग जल शोधन और इलेक्ट्रोड जैसे कई अनुप्रयोगों में किया जा सकता है।

डॉ श्याम कुमार मसाकापल्ली एवं डॉ स्वाति शर्मा के अलावा अध्ययनकर्ताओं में आईआईटी मंडी के शोध छात्र चंद्रकांत जोशी, महेश कुमार, एवं ज्योतिका ठाकुर; और यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ, यूनाइटेड किंगडम के शोधकर्ता मार्टिन बेनेट एवं डेविड जे. लीक, और केआईटी, जर्मनी के शोधकर्ता नील मैकिनॉन शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने इस पद्धति का पेटेंट कराया है, और व्यापक उपयोग के लिए इसका विस्तार किया जा रहा है।

# स्पर्म क्वालिटी को बेहतर बनाते हैं ये पोषक तत्व

आजकल के कपल्स को गर्भधारण करने में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी कई वजह हो सकती हैं। वहीं इसका मुख्य कारण पुरुषों में स्पर्म काउंट और इसकी खराब क्वालिटी का होना है। इसलिए अपनी डाइट में इन पोषक तत्वों को जरूर शामिल करना चाहिए। आजकल के कपल्स को सबसे ज्यादा परेशानी गर्भधारण करने में होती है। इसका एक बड़ा और मुख्य कारण पुरुषों में स्पर्म काउंट और इसकी खराब क्वालिटी का होना है। पुरुषों में खराब स्पर्म क्वालिटी के पीछे शराब का सेवन, स्मोकिंग और तंबाकू जैसी खराब आदतें, गतिहीन जीवनशैली आदि होती है। जिसके कारण पुरुषों में लो स्पर्म काउंट की वजह से शीघ्रपतन, सेक्स इच्छा में कमी और पार्टनर को प्रेग्नेंट कर पाने में दिक्कत होती है। वहीं कुछ पुरुष स्पर्म काउंट को बढ़ाने के लिए भी परेशान रहते हैं। डायटीशियन की माने तो स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर आहार के जरिए पुरुष अपने स्पर्म क्वालिटी को बेहतर बना सकते हैं। इसके अलावा उनकी डाइट में कुछ पोषक तत्वों का होना काफी जरूरी है। ये वह पोषक तत्व होते हैं, जो स्पर्म क्वालिटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आप भी ऐसी ही किसी परेशानी से जूझ रहे हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल में हम आपको 5 जरूरी पोषक तत्वों के बारे में बताने जा रहे हैं। जो स्पर्म क्वालिटी को बेहतर बना सकते हैं।



**को-एंजाइम 10 :** को-एंजाइम 10 शुक्राणुओं की मात्रा और गतिशीलता में सुधार लाने का काम करता है। इसके अलावा ऑक्सीडेटिव डैमेज की वजह से शुक्राणु नुकसान से बचाते हैं। इसलिए पुरुषों को यह सलाह दी जाती है कि वह अपनी डाइट में 100-200 मिलीग्राम को-एंजाइम को जरूर शामिल करें। इसके लिए आपको पालक, फैटी फिश, मूंगफली और मीट आदि का अच्छी मात्रा में सेवन करना चाहिए।

**फोलिक एसिड :** फोलिक एसिड उ्डअ को संश्लेषित करने के लिए काफी जरूरी होता है। इसके अलावा यह शुक्राणुओं को डीएनए के नुकसान से बचाता है। फोलिक एसिड स्पर्म हेल्थ को बनाए रखने आवश्यक पोषक तत्व है। इसलिए अपनी डाइट में कम से कम 400-600 ग्राम फोलिक एसिड जरूर शामिल करना चाहिए। बता दजें कि गहरे हरे पत्ते वाली सब्जियां, स्प्राउट्स, चना, ब्रोकली और राजमा आदि में यह पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन डी :** विटामिन डी स्पर्म काउंट बढ़ाने और शुक्राणु उत्पादन में अहम भूमिका निभाता है। इसके साथ ही यह शुक्राणुओं के फंक्शन और गतिशीलता को भी बेहतर बनाने का काम करता है। अंडे, दूध, मशरूम और धूप की किरणें विटामिन डी का बेहतरीन स्त्रोत है। डायटीशियन के अनुसार, व्यक्ति को रोजाना 10 से 15 मिनट तक धूप जरूर लेनी चाहिए। वहीं पुरुषों को प्रतिदिन 1000 IU तक विटामिन डी लेने की सलाह दी जाती है।

**जिंक :** जिंक टेस्टोस्टेरोन और शुक्राणु के उत्पादन को बढ़ावा देने में सहायक होता है। साथ ही यह गतिशीलता स्पर्म क्वालिटी और उसकी संरचना में सुधार करता है। हर व्यक्ति को अपनी डाइट में रोजाना 500-100 मिलीग्राम जिंक शामिल करना चाहिए। कद्दू के बीज, काजू और छाले आदि में यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

**सेलेनियम :** ऑक्सीडेटिव तनाव को सेलेनियम कम करता है। साथ ही शुक्राणु की गुणवत्ता में सुधार करने का काम करता है। इसलिए पुरुष को रोजाना 400mcg सेलेनियम जरूर लेना चाहिए। बता दें कि अंडे, मीट, चिकन, मछली और नट्स व बीज में यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# लाइट जलाकर सोने की आदत सेहत पर पड़ सकती है भारी

नींद सेहत के लिए काफी जरूरी होती है। लेकिन अगर आप लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको इस आदत को जल्द से जल्द छोड़ने की जरूरत है। क्योंकि इससे बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है।

बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको लाइट जलाकर सोने वाले नुकसानों के बारे में बता रहे हैं। जिससे कि आप भी आने वाले खतरे को देखकर इस आदत को जल्द छोड़ सकें।

**मोटापे का खतरा :** महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।



इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा कर सकती है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना :** रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है। जिससे कि आपकी बॉडी में बायोमैकेनिकल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान आपको हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज होने का खतरा रहता है।

**अपनाएं ये उपाय :** अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं। डॉक्टर या एक्सपर्ट आपको इस समस्या से निकालने के लिए कुछ अन्य उपाय भी बता सकते हैं।

# थायराइड में इन फूड्स को डाइट में करें शामिल

अगर आप भी थायराइड के मरीज हैं और तेजी से बढ़ रहे वजन से परेशान हैं। ऐसे में आप कुछ फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। इससे आपको वेट लॉस करने में मदद मिलेगी।

थायराइड एक आम बीमारी होती है। थायराइड गले में मौजूद एक ग्रंथि है। बता दें कि यह हार्मोन बनाती है, जो शरीर के फंक्शन करने के लिए जरूरी होता है। लेकिन जब गड़बड़ी के चलते थायराइड इन हार्मोन को कम या ज्यादा मात्रा में बनाने लगता है, तो उसे थायराइड की बीमारी कहते हैं। थायराइड मुख्य रूप से दो तरह की होती है। एक को अंडरएक्टिव थायराइड और दूसरा ओवरएक्टिव थायराइड कहते हैं। अंडरएक्टिव थायरॉइड मरीजों का वजन तेजी से बढ़ने लगाता है। बता दें कि हाइपोथायरायडिज्म का उपाय तब किया जाता है, जब पर्याप्त हार्मोन का उत्पादन नहीं होता है। हालांकि यह किसी भी उम्र में आपको प्रभावित कर सकता है। अगर आप भी इससे परेसान हैं तो आप इन फूड्स से थायराइड के बढ़े वजन को कंट्रोल कर सकते हैं।

**नट्स और सीड्स :** नट्स और सीड्स वजन घटाने में फायदेमंद होता है। सेलेनियम और जिंक का सूखे मेवे अच्छा स्त्रोत होते है। इसके अलावा खासतौर पर सेलेनियम का एक उत्कृष्ट स्त्रोत ब्राजील नट्स भी होते हैं। यह थायराइड को बेहतर को बेहतर तरीके से काम करवाने में मदद करता है। चिया सीड्, और कद्दू के बीज में भी भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है।



**दाल और बीन्स :** दाल और बीन्स में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। आपको बता दें कि इसका सेवन करना मरीज के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही यह मेटाबॉलिज्म को भी सुधारने में मदद करता है। जिससे तेजी से वजन घटने लगता है।

**अंडा :** अगर आप भी थायराइड से बढ़ने वाले वजन से परेशान हैं, तो अंडा आपके बढ़ते वजन को मेनटेन करने का एक बढ़िया ऑप्शन है। अंडे की जर्दी में भरपूर मात्रा में जस्ता, सेलेनियम और प्रोटीन पाया जाता है। जिसकी मदद से थायराइड फंक्शन में सुधार होने के साथ-साथ तेजी से वेट लॉस में करने में मददगार होता है।

**हरी सब्जियां :** प्रोटीन, फाइबर विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट युक्त हरी सब्जियों का सेवन करने से यह आपके थायराइड फंक्शन को सुधारने का काम करती है। साथ ही यह बढ़ते हुए वजन को भी तेजी से कंट्रोल करती हैं। अगर आप भी थायराइड के बढ़ते वजन से परेशान हैं तो टमाटर, शिमला, मूली, पत्ता गोभी, हरी पत्तेदार सब्जियां का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**कैफीन और पानी :** ज्यादा कैफीन का सेवन करने से मोटापा बढ़ता है। ऐसे में अगर आप थायराइड की दवा के साथ कैफीन का सेवन करते हैं तो इस आदत को बदल देना चाहिए। क्योंकि यह ठरल्र के लेवल को बिगाड़ने का काम करता है। वजन घटाने के लिए कैफीन फ्री ड्रिंक का सेवन करें। वहीं वेट लॉस के लिए पानी सबसे अच्छा ड्रिंक है। इससे तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, कार्यों में सफलता मिलेगी और आय में वृद्धि के योग रहेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आर्थिक योजना को लागू करने के लिए अच्छा है। लम्बे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी और जिंदगी सही दिशा की ओर मोड़ लेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सहकर्मियों और अधिकारियों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी दुविधा में उलझ सकते हैं, जिसके कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले पाएंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। नये कार्यों की शुरूआत लाभदायक रहेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च भी बढ़ेगा, जिससे तनाव में रह सकते हैं।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा और वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी, लेकिन सरकारी काम निकालवाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय में लाभ प्राप्ति और नौकरी में तरक्की मिल सकती है। नए लोगों से मुलाकात होगी और उनसे व्यावसायिक व सामाजिक संबंध बन सकते हैं।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। छोटे प्रवास पर जा सकते हैं। विदेश से अच्छी खबर मिल सकती है। संतानों की ओर से भी लाभ मिलेगा। परिवारजनों तथा मित्रों के साथ आनंदपूर्वक पलों को मनाएंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा और परिश्रम से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। कार्यभार में वृद्धि और व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवास होने की संभावना रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन अनुकूलता और प्रतिकूलता से मिश्रित फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन खर्च बढने. से तनाव में रह सकते हैं।

**मीन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। आकस्मिक धनहानि की संभावना रहेगी। सोच-समझकर निवेश करना लाभदायक रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# देश भर में 887 कार्यालय बनाने का लक्ष्य : जेपी नड्डा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश भर में बन रहे अत्याधुनिक और मॉडर्न सुविधाओं से लैस भाजपा कार्यालय बनाने के मिशन की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर भाजपा ने देश के सभी जिलों में कुल मिलाकर 887 कार्यालय बनाने का निर्णय किया था, जिसमें से 500 से अधिक कार्यालय बन कर तैयार हो गए हैं। 166 कार्यालयों का निर्माण कार्य अभी जारी है और कुछ कार्यालयों के लिए जमीन लेने की प्रक्रिया चल रही है। नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली में भूमिपूजन कर दिल्ली प्रदेश भाजपा के नए कार्यालय का शिलान्यास करने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए यह भी



बताया कि यह देश भर में 167वां कार्यालय है, जहां निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। नड्डा ने भाजपा के पुराने और दिग्गज नेताओं को याद करते हुए कहा कि ये कार्यालय सिर्फ कार्यालय नहीं हैं, ये भाजपा के 'संस्कार केंद्र' हैं। उन्होंने कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अन्य पार्टियों से अलग है। सारी पार्टियां विचार से शून्य की तरफ जा रही हैं जबकि भाजपा विचारों पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज देश में कोई ऐसी पार्टी नहीं है जो एक विचारधारा के लिए सतत चलती रही और उसको पूरा करे। नड्डा ने पालमपुर में पारित किए गए प्रस्ताव को याद करते हुए कहा कि राम जन्मभूमि के स्थान पर राम मंदिर बनाने के सपने को साकार करने में बहुत उतार-चढ़ाव आए, जेल भरो नारे लगाए कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। यहां तक कि भाजपा के विरोधी कहते थे कि तिथि नहीं बताएंगे लेकिन अब तिथि भी बता दी और भव्य राम मंदिर बन कर तैयार भी हो रहा है। उन्होंने जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए आगे कहा कि जो बात 1952 में पार्टी ने कही, उसे 2019 में पार्टी ने धारा-370 को धराशायी कर दिया। वंशवाद से विकासवाद के सफर का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने केवल देश की सरकार ही नहीं बदली, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति का संस्कार भी बदला और संस्कृति भी बदल दी। वंशवाद से विकासवाद का अगर संस्कार आया तो पीएम मोदी के कारण आया, वोट बैंक की राजनीति से रिपोर्ट कार्ड की राजनीति भाजपा के कारण शुरू हुई।

# प्रियंका गांधी वाड्रा को हिमाचल से राज्य सभा में भेज सकती है कांग्रेस



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा राज्य सभा में जा सकती हैं। कांग्रेस राज्य सभा में जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने की रणनीति के तहत उन्हें राज्य सभा में भेजने पर मंथन कर रही है। यह हुआ तो प्रियंका गांधी वाड्रा 2024 में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। और देश भर में पार्टी का प्रचार करेंगी। चर्चा है कि यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। सो उनको 2024 के आम चुनाव से पहले राज्यसभा में जा सकती हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री चाहते हैं कि प्रियंका गांधी उनके राज्य से राज्य सभा सांसद बनें। लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री बघेल ने उनको अपने राज्य से राज्यसभा में भेजने का पार्टी से आग्रह किया है। कर्नाटक के नेताओं ने भी पेशकश की। कहा जाता है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कुछ दिन पहले प्रियंका की आगे की रणनीति को लेकर पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं से चर्चा की थी। ज्यादातर नेताओं की राय थी कि प्रियंका एक स्टार प्रचारक के रूप में पार्टी को और मजबूती प्रदान कर सकती हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव लड़ती हैं, तो उन्हें अपनी सीट पर ध्यान देना होगा और कहीं ज्यादा समय नहीं दे पाएंगी। नेताओं का मानना है कि यदि प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी, तो कांग्रेस को और फायदा होने की उम्मीद है। लेकिन पार्टी के कुछ नेताओं की राय थी कि लोकसभा चुनाव लड़ने से प्रियंका चुनाव में एक बड़ा चेहरा बनकर उभरेंगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अन्नाद्रमुक के पूर्व सांसद वी मैत्रेयन हुए भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** अन्नाद्रमुक के पूर्व सांसद वी मैत्रेयन ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एवं सीटी रवि ने शुक्रवार को वी मैत्रेयन को भाजपा की सदस्यता दिलाई। अन्नाद्रमुक से राज्य सभा सांसद रह चुके वी मैत्रेयन का भाजपा में स्वागत करते हुए अरुण सिंह ने दावा किया कि उनके पार्टी में शामिल होने से भाजपा तमिलनाडु में और ज्यादा मजबूत होगी।

### लद्दाख में भूकंप के झटके, तीव्रता 3.9 रही

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.9 मापी गई है। तीव्रता कम होने के चलते कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार शुक्रवार सुबह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में रिक्टर पैमाने पर 3.9 की तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का झटका सुबह 10 बजकर 23 मिनट पर महसूस किया गया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थी। इस भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# रणनीतिक रूप से चीन का मुकाबला करने की जरूरत : मल्लिकार्जुन खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तराखंड सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीनी बुनियादी ढांचे के निर्माण का दावा करने वाली एक मीडिया रिपोर्ट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को केंद्र पर हमला बोला और कहा कि बीजिंग का रणनीतिक रूप से सामना करना चाहिए, न कि खोखला दावा करके। ट्विटर पर खड़गे ने कहा, हमारी क्षेत्रीय अखंडता एलएसी पर दुस्साहसी चीनी सैन्य निर्माण से प्रभावित हो रही है, अब उत्तराखंड में ये हो रहा है। देश मोदी जी द्वारा चीन को क्लीन चिट देने की भारी कीमत चुका रहा है। चीन का सामना रणनीतिक रूप से एक साथ होना चाहिए, न कि खोखला दावा करके, उन्होंने उस मीडिया रिपोर्ट की कॉपी लगाई जिसमें कथित रूप से चीनी सेना के नए बुनियादी ढांचे के निर्माण को दिखाने वाली सैटेलाइट पिक्चर्स का हवाला दिया गया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि ये संरचनाएं उत्तरकाशी जिले के पुलम सुमदा से महज 40 किमी दूर हैं।



# भारत के टेक-इकोसिस्टम को बढ़ाने में एआई की क्षमता बड़ी : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ बैठक की और कहा कि विशेष रूप से युवाओं के बीच भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र (टेक-इकोसिस्टम) को बढ़ाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की क्षमता बहुत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कल ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मुलाकात की। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अंतर्दृष्टिपूर्ण बातचीत के लिए सैम ऑल्टमैन को धन्यवाद। भारत के टेक-इकोसिस्टम का विस्तार करने में एआई की क्षमता, विशेष रूप से युवाओं के बीच, वास्तव में अपार है। हम उन सभी सहयोगों का स्वागत करते हैं, जो हमारे नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए हमारे डिजिटल बदलाव को गति दे सकते हैं। इससे पहले, ऑल्टमैन ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शानदार बातचीत रही। भारत के अविश्वसनीय तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र और एआई से देश को कैसे लाभ हो सकता है, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय में सभी लोगों के साथ मुलाकात आनंदमय रही।



## 2000 के नोट बदलने का मामला

# न्यायालय का सुनवाई से इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने एक याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें किसी मांग पर्ची और पहचान पत्र के बिना दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए जारी आरबीआई की अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाश पीठ ने रजिस्ट्री द्वारा दायर रिपोर्ट पर विचार किया और कहा कि इस मामले में तत्काल सुनवाई करने की कोई वजह नहीं है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि गर्मी की छुट्टियों के बाद मामले को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखा जाए। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि शीर्ष अदालत इतने महत्वपूर्ण मामले पर सुनवाई नहीं कर रही है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि यह न्यायालय है, सार्वजनिक मंच नहीं है।



# पटना में विपक्षी दलों की बैठक में खड़गे, राहुल लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में हिस्सा लेंगे। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, "खड़गेजी और पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी 23 जून को पटना में विपक्ष की बैठक में शामिल होंगे।" उन्होंने कहा, हमने उन्हें पहले ही सूचित कर दिया है कि दोनों नेता बैठक में शामिल होंगे। बैठक को लेकर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया पर वेणुगोपाल ने कहा कि वे निराश हैं क्योंकि वे जानते हैं कि असली लड़ाई उनके खिलाफ आ रही है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने यह भी कहा कि देश को बर्बाद करने वाली इन ताकतों (भाजपा) के खिलाफ लड़ने के लिए विपक्ष में एकजुट होने का यही सही समय है। बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार ने पिछले डेढ़ महीने में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने और कई दलों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने और समझाने के बाद 12 जून को पटना में समान विचारधारा वाले दलों की बैठक बुलाई है। नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने के लिए समान विचारधारा वाले सभी दलों को एकजुट करने के अभियान की अगुवाई कर रहे हैं।

# वरिष्ठ नेता शरद पवार और संजय राउत को जान से मारने की धमकी से हड़कंप

**एजेंसी। मुंबई**

विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के दो वरिष्ठ नेताओं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत को शुक्रवार को अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है। पवार को एक ट्विटर संदेश के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र डॉ. नरेंद्र दाभोलकर (अगस्त 2013 में पुणे में गोली मार दी गई) के समान होगा। उधर संजय राउत के विधायक भाई सुनील राउत किए गए टेलीफोन पर उनके भाई, सांसद संजय राउत को चुप रहने की चेतावनी दी गई और ऐसा न करने पर एक माह के भीतर गोलियों से छलनी करने की धमकी दी गई। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मामले में मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर से मुलाकात की और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई, वहीं राउत ने भी पुलिस को धमकियों की जानकारी दी। सुले ने चेतावनी दी कि अगर उनके पिता को कुछ होता है, तो राज्य के गृह विभाग (उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित किया। एनसीपी के कई नेताओं ने सरकार तत्काल कार्रवाई की मांग की।



## तैयारी — मौसम विभाग ने अरब सागर में बिपरजोय चक्रवात को लेकर किया अलर्ट


# 12 जून तक दक्षिणी तट पहुंचने की संभावना

### नेशनल और राज्य डिजास्टर मैनेजमेंट की 11 टीम सक्रिय

### तटों पर पुलिस तैनात, पर्यटकों के आने पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात के निकट अरब सागर में बिपरजोय चक्रवात को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। चक्रवाती तूफान उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिन में यह इसी दिशा में आगे बढ़ने की आशंका है। बिपरजोय चक्रवात अभी गुजरात के तट से करीब 850 किलोमीटर दूर है। मौसम विभाग ने अरब सागर में बिपरजोय चक्रवात के कारण गुजरात के सभी तटीय जिलों को अलर्ट किया गया है। तहसील स्तर के सभी अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। गुजरात के बंदरगाहों पर खतरे का निशान लगा दिया गया है। वहीं, नेशनल और राज्य डिजास्टर मैनेजमेंट की 11 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। गुजरात के समुद्र किनारे के जिलों भावनगर, अमरेली, जामनगर, मांगरोल, पोरबंदर, उना, वलसाड, नवसारी और द्वारका के समुद्र की लहरों में उछाल दिख रहा है। वलसाड के तिथल तट, सूरत के डूमस, नवसारी के उभराट आदि समुद्र तटों पर पुलिस तैनात कर पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार चक्रवाती तूफान अभी पोरबंदर से 880 किलोमीटर की दूरी पर है। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। दक्षिण गुजरात में 12 जून तक समीप आ सकता है। इसकी वजह से प्रशासन को अलर्ट किया गया है। सूरत के समुद्र किनारे के 42 गांवों और वलसाड के 28 गांवों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा सौराष्ट्र के पोरबंदर में समुद्र में 10 फीट ऊंची लहरें उठ रही है। भावनगर के अलंग समुद्र में जबर्दस्त करंट है। अमरेली जिले में भी शुक्रवार को 2 नंबर का सिग्नल जारी रहा। दमण, जामनगर में 2 नंबर का सिग्नल यथावत रखा गया है।






# काजोल ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

**सोशल** मीडिया ने कलाकारों के लिए बड़े दर्शकों तक पहुंचना आसान बना दिया है। कलाकार लगातार वीडियो, फोटो, पोस्ट शेयर करना पसंद करते हैं। कुछ कलाकार सोशल मीडिया के जरिए अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात करते नजर आ रहे हैं। लेकिन हाल ही में कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेना कलाकारों के बीच एक नया चलन है। अब काजोल देवगन ने भी सोशल मीडिया से दूर रहने का फैसला किया है। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा है कि वह सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हैं। लेकिन इसके पीछे की वजह फिलहाल चर्चा का विषय बनती जा रही है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को बताया कि वह सोशल मीडिया से ब्रेक क्यों ले रही हैं। उनके इस पोस्ट के बाद फैंस भी कन्फ्यूज हो गए हैं। उन्होंने एक फोटो शेयर की है। इसमें काजोल ने कहा, "मैं अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल वक्त से गुजर रही हूं।



# 'गदर 2' के प्रचार के लिए दिल्ली पहुंचे सनी देओल



**बॉलीवुड** एक्टर सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है। सनी अपनी आगामी फिल्म के प्रचार के लिए देश की राजधानी दिल्ली पहुंचे और अपने फैंस से मिले। फिल्म 'गदर 2' सनी देओल और अमीषा पटेल मुख्य भूमिकाओं में हैं, यह नई फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर' का सीक्वल है। नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान सनी को ग्रे ब्लेजर और डेनिम के साथ पगड़ी और सफेद शर्ट पहने देखा गया था। सनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करके अपनी यात्रा के बारे में बताया। एक्टर ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, नई दिल्ली में अपने फैंस से मिला और जयपुर जा रहा हूं।

# 11 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगी अक्षय, सनी देओल व रणबीर की फिल्में

**इस 11 अगस्त** को तीन अलग-अलग बड़े सितारों की तीन अलग-अलग शैलियों में तीन अलग-अलग फिल्में एक साथ रिलीज होंगी। रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल', सनी देओल की 'गदर 2' और अक्षय कुमार अभिनीत 'ओएमजी 2' बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर देंगी। अनिल शर्मा निर्देशित 'गदर 2' 2001 की हिट फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' का सीक्वल है, जिसमें सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म देशभक्ति और परिवार के प्रति प्रेम के इर्द-गिर्द घूमती है और 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है। अक्षय कुमार और परेश रावल अभिनीत 2012 की कॉमेडी ड्रामा 'ओएमजीः ओह माय गॉड' का सीक्वल 'ओएमजी 2' अमित राय द्वारा निर्देशित है और इसमें अक्षय, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरुण गोविल और आमिर नाइक प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म देश में शिक्षा प्रणाली के इर्द-गिर्द घूमती है और 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है।



## चिलचिलाती धूप में बच्चे कैसे जाएंगे स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव के रवि कुमार से स्कूल की छुट्टी बढ़ाने की मांग की है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पूरे राज्य के अंदर गर्मी चरम पर है चाहे राजधानी रांची हो या लोहरदगा, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, गिरिडीह, देवघर सहित अन्य जिला। सभी जगह पारा इतना बढ़ा हुआ है कि घर से निकल पाना आम लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इन परिस्थितियों में छोटे बच्चों के ऊपर हीट वेव का क्या असर होगा इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। राज्य सरकार को चाहिए कि जब तक मानसून ब्रेक नहीं हो जाता तब तक स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दी जाए ताकि बच्चों को हीट वेब से बचाया जा सके।ये भी पढ़ें- सरकारी स्कूल के बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़, हीट वेव की चपेट में है पूरा राज्य, मौसम केंद्र के अलर्ट के बाद भी सो रहा शिक्षा महकमा पासवा ने मुख्यमंत्री को लिखी चिठ्ठीः पासवा ने राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों की गर्मी छुट्टियां बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर छुट्टी बढाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि 10 जून को सरकारी व निजी विद्यालय में गर्मी छुट्टी समाप्त हो रहे हैं। लेकिन गर्मी की जो स्थिति है वह किसी से छुपी हुई नहीं है।उन्होंने कहा कि तापमान में वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है। राज्य में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब है कहीं कहीं तो पारा 42 से उपर है।

# शादी न होने से युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय श्वेता ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिवार वालों की सूचना पर शुक्रवार को पुंदाग पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।पुलिस के पूछताछ में मृतक श्वेता की बहन शिल्पा ने बताया है कि अपने कम लंबाई को लेकर श्वेता बेहद परेशान रहा करती थी। परिवार वालों ने इसे लेकर श्वेता को कई बार समझाया भी था की हाइट को लेकर वह ज्यादा परेशान ना हो लेकिन , लाख समझाने के बाद जो श्वेता के मन में अपने कम लंबाई को लेकर हीन भावना भर गई थी ,वह कम हाइट को लेकर ही डिप्रेशन में चली गई थी। श्वेता के परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया है कि श्वेता की शादी को लेकर माता-पिता कई जगह लड़का देखने के लिए आ जा रहे थे लेकिन हर जगह पर श्वेता के हाइट को लेकर ही शादी की बात टल जा रही थी। तीन जगहों पर तो शादी तय होने के बाद भी कैंसिल हो गया था , इन सब को लेकर श्वेता लगातार डिप्रेशन में रह रही थी। श्वेता अपनी बड़ी बहन शिल्पा के साथ रांची के पुनदाग ओपी क्षेत्र के दशरथ एनक्लेव फ्लैट नंबर 603 में रहा करती थी। जबकि श्वेता के माता पिता बिहार के अरवल में रहते है। मृतक श्वेता की बहन शिल्पा ने बताया कि गुरुवार की रात वह कुछ काम से बाहर गई हुई थी देर रात जब वह घर लौटी उसने देखा कि श्वेता ने अपने ही कमरे में फांसी लगा लिया है। जिसके बाद उसने पड़ोसियों को सूचना दी ,पड़ोसियो के द्वारा ही पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

## छात्र संघ द्वारा झारखंड बंद का एलान, बीजेपी ने अपना कार्यक्रम किया स्थगित

**खूंटी।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने दो दिवसीय झारखंड बंद का आह्वान किया है। 10 और 11 जून को पूरे झारखंड में इसका असर होगा। इस होने वाले बंद का असर अभी से नजर आ रहा है। खूंटी में होने वाले बीजेपी के कार्यक्रम स्थगित कर दिये गए हैं।इसे भी पढें:- डँ४ल्ल३ ठी६२: खूंटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का कार्यक्रम रद्द, बिना आवास बने ही लाभुकों के बीच थी आवंटन की तैयारीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 10 जून को खूंटी संसदीय क्षेत्र के मुरहू स्थित कुंजला में एक विशाल जनसभा का आयोजन प्रस्तावित था।

# जनमानस की भावनाओं में रचे-बसे हैं धरती आबा : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि हर झारखंडी के अरमानों में, खेतों और खलिहानों में, जनमानस की भावनाओं में धरती आबा रचे-बसे हैं। आज संकल्प दोहराने की घड़ी है। धरती आबा के सपने साकार हों, झारखंड का नवनिर्माण हो। यही हमारा संकल्प, हमारी प्रतिबद्धता है। महतो शुक्रवार को बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सशक्त, शिक्षित एवं संगठित समाज के निर्माण तथा अस्मिता, पहचान और अस्तित्व की लड़ाई के लिए नए उलगुलान का समय आ चुका है। युवा पीढ़ी को आगे आकर इसका नेतृत्व करना होगा। आज अपने ही राज्य में झारखंडियों के लिए परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बेरोजगारी, अशिक्षा, गरीबी, अपराध तथा पलायन चरम पर है। झारखंड के समग्र विकास के लिए एकाग्र चिंतन की जरूरत है। दूसरी ओर रांची के कोकर डिस्टलरी पुल स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर रांची जिला इकाई के पदाधिकारियों ने धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजसू पार्टी के प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि हमें अपनी माटी, भाषा और संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होना होगा। धरती आबा बिरसा मुंडा के विचारों को, उनके साहस, संघर्ष को आत्मसात करना होगा, यही उनके प्रति नेक और अटूट श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ना केवल राजनीतिक जागृति के बारे में संकल्प लिया, बल्कि वे लोगों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जागृति पैदा करने को भी संकल्पित थे। साम्राज्यवादी शक्तियों के खिलाफ युद्ध के उद्घोष के प्रतीक, शक्ति और साहस के परिचायक एवं झारखंड के वीर योद्धा भगवान बिरसा मुंडा के विचार युगों-युगों तक याद किए जायेंगे।



# सपनों को साकार करेगी बीजेपी : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शुक्रवार को झारखंड सहित आदिवासी बाहुल्य राज्यों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन आदिवासियों के लिए भगवान के रूप में जाने जाने वाले बिरसा मुंडा की शहादत दिवस मनाया जाता है। राजधानी रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर राज्य के गणमान्य लोग पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।ये भी पढ़ेंः राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दो दिवसीय पलामू दौरे पर हैं गवर्नरइसी को लेकर शुक्रवार को राजधानी के कोकर स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी और प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा की समाधि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।माल्यार्पण करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए बेहद खास है, क्योंकि आज ही झारखंड के भगवान बिरसा मुंडा ने अपना बलिदान देकर आदिवासियों की संस्कृति और सभ्यता को बचाने का संकल्प लिया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे बीजेपी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि जिस संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने बलिदान दिया था, वह बलिदान यहां की सरकार लगता है भूल गई है। इसीलिए आदिवासियों की संस्कृति और सभ्यता पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राज्य की जनता यह संकल्प लेती है कि जिस सिद्धांत और सभ्यता के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने बलिदान दिया था।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल कल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेल मंत्रालय ने बिहार और झारखंड के लोगों को बड़ा गिफ्ट दिया है। बहुत जल्द पटना और रांची के बीच आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। यह ट्रेन महज छह घंटे में पटना से रांची पहुंच जाएगी। इसके ट्रायल रन का शिड्यूल भी जारी हो गया है। पटना से 11 जून को सुबह 6 ।55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8 ।20 बजे गया पहुंचेगी। बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11 ।30 रहेगा। दोपहर 1 बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रूकेगी। अभी तक की प्लानिंग के मुताबिक गया में 10 मिनट और बरकाकाना में 5 मिनट ट्रेन रूकेगी ।रांची पटना वंदे भारत ट्रेन 11 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे (2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। टाटीसिल्वे में बिना रूके 3.30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। इसके बाद शाम 7 बजे गया और फिर 20.25 बजे (शाम 8 बजकर 25 मिनट) पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में प्रस्तावित स्टॉपेज पर रोका जाएगा ।इस बाबत पूर्व मध्य रेलवे के सीपीटीएम ने दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिविजन के सीनियर डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर को पत्र जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**कार्यक्रम**
## चिन्मय मिशन का दो दिवसीय बाल विहार शिविर आयोजित
# मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में शुक्रवार से दो दिवसीय बाल विहार शिविर प्रारम्भ हुआ, जिसमें 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर की थीम है-उंचा उड़ें (फ्लाई हाई)। उद्घाटन सत्र के मौके पर अध्यक्ष आरएस अग्रवाल ने शिविर में उपस्थित सभी अभिभावकों, सेविकाओं, सदस्यों व प्रतिभागियों का अभिनन्दन किया। सचिव श्याम टोरका ने विश्व व्यापी चिन्मय मिशन की गतिविधियों को बताया , मुख्य अतिथि भूतपूर्व उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय ने खेल खेल में चरित्र व व्यक्तित्व निर्माण के इस अभियान की सराहना की । रांची केन्द्र के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। शिविर संयोजक श्री संजय सुल्तानिया ने स्वामी जी का माल्यार्पण एवं चिक नीतीश बागला ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। कोषाध्यक्ष विजय सरायका ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह दिया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष वेद प्रकाश बागला एवं उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन चिक कोर्डिनेटर राजेश कौशिक ने किया। सभी प्रतिभागियों को दो वर्गों में विभाजित किया गया। 8 वर्ष तक के उम्र वाले बच्चों को हनुमान वर्ग एवं 8 से उपर की उम्र के बच्चों को कृष्ण वर्ग में रखा गया । निबंधन सेवा में ओम प्रकाश, बैजनाथ सिंह, बालेश्वर चौधरी, जीपी त्रिवेदी का सहयोग प्राप्त हुआ। बच्चों को गणेश मंत्र, गुरू मंत्र व अन्य दैनिक मंत्रों को श्रीमती मंगला बागला व रम्या मुथूगमं ने सिखाया। शिक्षा क्षेत्र के जाने माने सलाहकार व प्रशिक्षक जीवी आर प्रसाद ने बच्चों को तेजी से आगे बढ़ने के लिए रचनात्मकता को बढ़ाने के तरीके बताए। अनुप्रिया, अल्का, कनक, मधु, विमला, रम्या , करूणा, ललिता आदि सेविकाओं ने विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों को प्रेरित व उत्साहित किया । श्री अशोक मंगल, श्री बसंत शर्मा का भी बहुत सहयोग रहा। उद्घाटन सत्र में विनोद गढ़यान, अशोक अग्रवाल, नरेश बेदी, राजीव रंजन आदि कई गणमान्य उपस्थित थे।

## नमो क्रिकेट कैंप का समापन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के सांसद संजय सेठ की ओर से आयोजित नमो क्रिकेट कैप का 10 जून को समापन होगा। समापन समारोह में सांसद सहित शहर के कई लोग शामिल होंगे। सांसद ने बताया कि नमो क्रिकेट कैंप का उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाकर उसे निखारना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभान खिलाड़ी हैं, जिसे थोड़ा सा मनोबल बढ़ाने और बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जिससे वे अपने राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से एक जून से 10 जून 2023 तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया था। इस क्रिकेट कैंप का संचालन बिहार झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाडी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया गए। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजय पोद्दार ने शुक्रवार को बताया रांची के विभिन्न स्कूल के 50 बच्चों का चयन किया गया था।

## पेज एक के शेष

### प्रवासी श्रमिकों के...

मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना चल रही है। झारखंड से बाहर प्रवास करने वाले लोगों की मदद के लिए भी राज्य सरकार द्वारा सेफ एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनीशिएटिव की शुरूआत की गयी है। इसके तहत प्रवासी श्रमिकों के व्यवस्थित पंजीकरण को सक्षम करने, डेटाबेस की निगरानी और विश्लेषण की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवास पर प्रथाओं के बारे में अभियानों के माध्यम से जागरुकता पैदा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य प्रवासी मजदूर नियंत्रण कक्ष की शुरूआत की गई है। वर्तमान में यह कंट्रोल रूम प्रवासी मजदूरों के लिए 24 घंटे 7 दिन हेल्पलाइन की तरह काम कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के अंडमान निकोबार प्रवास के दौरान उनसे मुलाकात करने वाले रांची एसोसिएशन, पोर्ट ब्लेयर के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष फेयानुस टोप्पो, उपाध्यक्ष सुमन लकड़ा, महासचिव प्रकाश मिंज, सचिव सेबेस्टियन तिर्की, फूल कुमार, संयुक्त सचिव सुनील मिंज, अनिल टोप्पो एवं अन्य शामिल रहे।

### आदिम जनजाति के...

एरिगेशन के तहत कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी को जागरूक होने तथा नशापान से दूर रहने को कहा। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यहाँ किसी प्रकार के अवैधानिक कार्य को नहीं होने दिया जायेगा। आप सभी को आपका यथोचित हक प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि मन में विश्वास हो तो सफलता प्राप्त होगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत ब्रिटेन को पीछे करते हुए विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उक्त अवसर पर राज्यपाल द्वारा आदिम जनजाति पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किये। साथ में ही बिरसा आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया। मनरेगा के तहत नए लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। वहीं लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनान्तर्गत परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। राज्यपाल ने नावाडीह पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी का स्वागत करते हुए नावाडीह पंचायत के सुरंगाही टोला एवं रामगढ़ प्रखंड की आदिम जनजातियों की बसावट के बारे में ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने किया।

मौके पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, रामगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी तथा मुखिया दयानंद प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य पिंकी सुरीन, उप मुखिया ललन यादव, वार्ड सदस्य कौशल्या देवी, संजय सोरेन, लालधनी तुरी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आईएएस की...

उन्होंने बतौर आईएएस अधिकारी 34 साल कर अपनी सर्विस दी और साल 2016 में रिटायरमेंट ले ली। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने अपना कारोबार शुरू किया। उन्होंने 'सब्जीवाला' नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया और फल , सब्जियां बेचते हैं।
डॉ सैयद आईएएस से इस्तीफा दे बेच रहे दवा-
2000 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ सैयद सबाहत अजीम नौकरी छोड़कर हेल्थकेयर सेक्टर में अपना स्टार्टअप शुरूकिया। उनके पिता की मृत्यु सही इलाज नहीं मिल पाने की वजह से हो गई, जिसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़कर अपने तरीके से हेल्थ केयर सेक्टर में सुधार लाने के लिए इस व्यवसाय में आने का फैसला किया। उन्होंने अपना स्टार्टअप ग्लोबल हेल्थ केयर सिस्टम की शुरूआत की।
राजन सिंह आईआईटी,आईपीएस के बाद पढ़ा रहे हैं ट्यूशन- राजन सिंह ने पहले आईआईटी कानपुर से बीटेक किये , फिर यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद आईपीएस अधिकारी बन गए। तीन साल तक तिरुवनंतपुरम के पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी संभाली ।आठ साल आईपीएस अधिकारी रहने के बाद मन नहीं लगा तो पद से इस्तीफा दे दिया। उसके बाद 2016 में ऑनलाइन कोचिंग क्लास कॉन्सेप्ट ओवल की शुरूआत की।
विवेक कुलकर्णी 22 साल की नौकरी के बाद इस्तीफा दे शुरू किया कारोबार-
1979 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक कुलकर्णी, 22 वर्ष तक आईएएस अफसर रहे । कर्नाटक सरकार के आईटी और बायोटेक्नोलॉजी सेक्रेटरी रहे। जब सरकारी नौकरी से उनका मन भर गया ,तो इस्तीफा दे 2005 में एक नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग फर्म ब्रिकवर्क इंडिया की स्थापना की।
जीवी राव ने आईएएस की नौकरी छेड़ कम फीस वाली स्पेस स्टडी शुरू की-
जीवी राव ने आईएएस से 2014 में सेवानिवृति ले ली। ली । उसके बाद उन्होंने लर्निंग स्पेस एजुकेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत की। जिसमें मामूली फीस में बच्चों को शिक्षा की सुविधा मिलती है।
संजय गुप्ता ने आईएएस अफसरी छोड़ होटल चेन लॉंच किया-
1985 बैच के आईएएस अधिकारी संजय गुप्ता,जब आईएएस की नौकरी से ऊब गये तो 2002 में यह नौकरी छोड़ अडानी समूह में एक जगह सीईओ हो गए। वहाँ से ऊबे तो अपना लग्जरी होटल चेन कॉम्बो लॉन्च किए।
बाल गोपाल ने आईएएस अफसरी छोड़ खोली बायो मेडिकल कंपनी-
1976 बैच के आईएएस अफसर केरल के बाल गोपाल चंद्रशेखर ने छह वर्ष नौकरी करने के बाद इस्तीफा दे दिया। उसके बाद उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर बायो मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनी पेनपोल शुरू की।
आरसी भार्गव आईएएस अफसरी छोड़ मारुति सुजुकी में प्रबंधक बनें -
1956 बैच के यूपीएससी टॉपर आईएएस अफसर आरसी भार्गव ने 80 के दशक में सरकारी नौकरी छोड़ मारुतिसुजुकी में 2250 रुपये में मैनेजर की नौकरी शुरू की। वह कंपनी के चेयरमैन हैं।
रोहित मोदी ने 14 वर्ष बाद इस्तीफा दे प्राइवेट कंपनी में ऊँचा ओहदा ले ली-
1985 बैच के आईएएस अफसर रोहित मोदी ने 14 वर्ष तक सरकारी नौकरी करने के बाद 1999 में इस्तीफा दे दिया।इसके बाद उन्होंने प्राइवेट सेक्टर की बड़ी कंपनी एल एंड टी आईडीपीएल, सुजलॉन एनर्जी, गैमन इंडिया और एस्सेल इंफ्रा लिमिटेड के सीईओ पद पर रहते हुए खूब नाम व दाम कमाए। ऐसे और भी तमाम बड़े सरकारी पद पर रहे लोग हैं जिन्होंने ऊँचे सरकारी ओहदे को छोड़ अपने मन व सुविधा लायक काम शुरू किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### संख्या 04/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 21.06.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि — दिनांक 22.06.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 22.06.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– DMFT मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बसिया | गुमला जिला अंतर्गत बसिया प्रखण्ड में ममरला पंचायत के ग्राम महाराजगंज में अखड़ा पक्की रोड से अखड़ा तक पी0सी0सी पथ निर्माण। | 3,94,200.00 | 8000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | रायडीह | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड परिसर में पुस्तकालय भवन हेतू पी०सी०सी० पथ एवं डीप बोरिंग का निर्माण कार्य। | 7,84,000.00 | 15,700.00 | 1,250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
PR 299688 Rural Development(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/03/2023-24 Re (3rd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में उ० बरगांव पंचायत के ग्राम मकुन्दा में बिरेन्द्र उराँव के खेत से गेन्दा उराँव के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण। | 24,86,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखण्ड में अमलिया पंचायत के ग्राम रायकेरा बांधढीपा में एतवा भगत के घर से अलीबकस के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण। | 24,91,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड में पण्डरियर पंचायत के ग्राम सोगरा सुकरा मुण्डा के घर से रामनाथ नागेषिया के घर तक पी0सी0सी पथ निर्माण। (A) | 24,97,700.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | गुमला जिला अंतर्गत कामडारा प्रखण्ड में कुलबुरू पंचायत के ग्राम कुलबुरू आंगनबाड़ी से पहाड़ टोली तक (A) पी0सी0सी पथ निर्माण। | 24,94,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | टाना भगत सभागार भवन, धोधरा के परिसर में पेवर ब्लॉक, कंटिला तार एवं जतरा टाना भगत प्रतिमा का अधिष्ठापन का कार्य। | 11,33,300.00 | 23,000.00 | 2500.00 | 03 माह |


2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.06.2023 से दिनांक 27.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे अपराह्न।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
PR.NO.299686 Rural Development(23-24):D

# ‘अश्विन को डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर रहना गलत’

**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा कि भारत ने ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की अंतिम एकादश से रविचंद्रन अश्विन को बाहर रखकर बहुत बड़ी गलती की है। वह अश्विन को उनकी बल्लेबाजी के लिए ही चुन लेते, उनका शानदार गेंदबाजी कौशल तो दूर की बात है। 92 मैचों में 51.8 की स्ट्राइक-रेट से 474 विकेट के साथ, जिसमें 32 पांच विकेट की पारियां शामिल हैं, शीर्ष क्रम के टेस्ट गेंदबाज अश्विन को मार्की मुकाबले से बाहर रखा गया क्योंकि भारत ने चार तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता दी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 469 रन बनाए। प्लेइंग इलेवन से अश्विन के बाहर होने से दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय टीम की कड़ी आलोचना की है, जिसमें वॉ शामिल होने वाले नवीनतम व्यक्ति हैं। उन्होंने




कहा, ₹मुझे लगता है कि (भारत) ने गलत पक्ष चुना है। वॉ ने शुक्रवार को द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन से कहा, ₹स्पिन इस टेस्ट मैच में एक बड़ी भूमिका निभाएगा। मैंने अश्विन को उनकी बल्लेबाजी के लिए चुना होता, उनकी गेंदबाजी को तो छोड़िए। इसलिए मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि वह नहीं खेल रहे हैं क्योंकि उन्होंने साथ ही पांच टेस्ट शतक भी जमाए हैं। यह बहुत अजीब है। इसी तरह के विचार ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने भी व्यक्त किये। हॉग ने कहा, ₹भारत ने एक निर्णय लिया और जैसा भी विकेट मिलता उन्हें अश्विन को खेलाना चाहिए था, वे अभी एक आईपीएल से बाहर आए हैं और चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरे हैं जिन्होंने लंबे स्पैल नहीं फेंके हैं। उन्होंने कहा, अश्विन और जडेजा एक छोर को थामे रह सकते थे और दूसरे छोर पर तेज गेंदबाजों के दबाव को कम कर सकते थे, जब उनके पास ऊर्जा कम हो जाती। वॉ पहले गेंदबाजी करने के भारत के फैसले के भी आलोचक थे, यह याद करते हुए कि कैसे ऑस्ट्रेलिया ने 2019 में द ओवल में पांचवें एशेज टेस्ट में इसी तरह की त्रुटि की थी। उस मैच में, तत्कालीन कप्तान टिम पेन के पहले गेंदबाजी करने के बाद इंग्लैंड 145 रन से जीता था। हमने एशेज में चार साल पहले एक ही गलती की थी। ओवल हमेशा मुश्किल होता है। यह ऊपर से हरा दिखता है, लेकिन नीचे यह टेढ़ा और थोड़ा सूखा रहता है। आप बादलों से भरे आसमान और हरी पिच का लुत्फ उठा सकते हैं और सोच सकते हैं कि यह सब कुछ करने जा रहा है।

## चीनी ताइपे को 11-0 से रौंदकर भारत सेमीफाइनल में

**काकामिगहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां अपने आखिरी पूल मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से रौंदकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत ने पूल ए में भारत की स्थिति को भी मजबूत किया। भारत ने टूनामेंट के पूल चरण को नाबाद समाप्त किया, जिसमें तीन गेम जीते और एक ड्रॉ रहा। भारत के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (1'), दीपिका (3'), अन्नू (10', 52'), रुतुजा दादासो पिसल (12'), नीलम (19'), मंजू चौरसिया (33'), सुनलिता टोप्पो (43', 57'), दीपिका सोरेंग (46') और मुमताज खान (55') ने गोल किये। भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा दिखाया और चीनी ताइपे के खिलाफ लगातार हमले किए। भारत के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (1') ने मैदानी गोल के साथ शुरूआत की, उसके बाद दीपिका (3') ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

# इस बार स्मिथ के लिए इंग्लैंड की योजना थोड़ी अलग है : ओली पोप

**एजेंसी। लंदन**

उपकप्तान ओली पोप ने दावा किया कि इंग्लैंड ने अगले हफ्ते शुरू होने वाली एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ से निपटने के लिए अलग योजना बनाई है। स्मिथ का इंग्लैंड के खिलाफ और इंग्लैंड की परिस्थितियों में एक अनुकरणीय रिकॉर्ड है। लॉर्डस में 2019 एशेज के दौरान जोफ्रा आर्चर की गेंद से सिर पर चोट लगने के बावजूद उन्होंने 110.54 की औसत से 774 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज द ओवल में फिर से अंग्रेजी परिस्थितियों में शानदार लय में दिखे, क्योंकि उन्होंने द ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 121 रन बनाए। इंग्लैंड 16 जून से एजबस्टन में एशेज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जिससे पोप खतरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं। लेकिन 25 वर्षीय ने विश्वास




व्यक्त किया कि इंग्लैंड के गेंदबाज स्मिथ के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्होंने उन्हें गेंदबाजी करने के तरीकों पर काम किया है। पोप ने ब्रिटिश मीडिया से कहा, हमारे चेंजिंग रूम में बहुत सारे प्रतिभाशाली गेंदबाज भी हैं जिन्होंने उन तरीकों पर काम किया है जिनसे हम उसे चुनौती दे सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि शायद यही हमारे लिए मुख्य बात होगी। बहुत ज्यादा नहीं कह सकते लेकिन इस बार शायद थोड़ी अलग योजनाएं हैं। वह लंबे समय से एक अद्भुत खिलाड़ी रहे हैं और सभी अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें बहुत सफलता मिली है। लेकिन एक टीम के रूप में हम जो अच्छे रहे हैं, वह यह है कि हमने अलग-अलग धष्टिकोणों का उपयोग किया है। विकेट हासिल करने और एक मैच में 20 विकेट लेने के तरीके खोजने में, चाहे जिस किसी की भी बल्लेबाजी हो।

## यूपी के प्रयागराज में लड़के ने बनाया स्विमिंग का रिकॉर्ड



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के सात साल के रुद्र कपूर ने ब्रेस्टस्ट्रोक स्विमिंग के जरिए महज 10.30 मिनट में यमुना पार कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मास्टर ट्रेनर त्रिभुवन निषाद ने कहा कि यह पहली बार है जब उसकी उम्र के बच्चे ने ब्रेस्टस्ट्रोक स्टाइल का इस्तेमाल करते हुए नदी पार किया। प्रयागराज के टैगोर पब्लिक स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र रुद्र ने अपनी प्रशिक्षक कमला निषाद और मानस निषाद के मार्गदर्शन में तैरना शुरू किया। निषाद ने कहा, रुद्र ने 600 मीटर लंबी और 25 फीट गहरी यमुना नदी को पार कर एक रिकॉर्ड स्थापित किया। उसने सिर्फ 15 दिनों में तैरना सीखा। रुद्र के पिता राज कपूर, मां बंदनी कपूर और बहन अविका कपूर सहित परिवार के अन्य सदस्यों और अन्य स्थानीय लोगों ने गुरुवार को इस अवसर पर उसके प्रदर्शन की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक में रूस, बेलारूस पर आईओसी अंतिम निर्णय लेगा: फ्रांस

**एजेंसी। पेरिस**

जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से यहां मुलाकात की तो अगले साल के ओलंपिक की तैयारी और पेरिस 2024 में रूस और बेलारूस के प्रतियोगियों की भागीदारी चर्चा का मुख्य विषय थी। जबकि दोनों नेताओं ने पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए आयोजन समिति को अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया, उन्होंने यह भी पुष्टि की कि रूसी और बेलारूस के एथलीटों की भागीदारी के बारे में निर्णय आईओसी पर छोड़ दिया जाएगा, जिसे बाद की तारीख में लिया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को पेरिस के एलिसी पैलेस में आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक का स्वागत किया। आईओसी ने गुरुवार देर रात एक विज्ञप्ति में



बताया कि दोनों नेताओं ने ओलंपिक खेलों पेरिस 2024 की तैयारियों पर चर्चा की, जो बहुत अच्छी चल रही है। आईओसी अध्यक्ष बाक और राष्ट्रपति मैक्रों ने आयोजन समिति और इसके अध्यक्ष, ओलंपिक चैंपियन टोनी एस्टंगुएट के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया, जिन्होंने बैठक में भाग लिया। ओलंपिक खेल पेरिस 2024 एक नए युग का खेल होगा, ओलंपिक एजेंडा 2020 और ओलंपिक एजेंडा 2020 प्लस 5 के सुधारों को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए। इन खेलों में ₹गेम्स वाइड ओपन₹ का नारा पूरी तरह जीवंत हो जाएगा। पेरिस 2024 महिला और पुरुष एथलीटों की पूर्ण समानता के साथ सबसे समावेशी ओलंपिक खेल, सबसे शहरी ओलंपिक खेल, सबसे कम उम्र के ओलंपिक खेल, सबसे टिकाऊ ओलंपिक खेल और इतिहास में सबसे अधिक लिंग-संतुलित ओलंपिक खेल होंगे। राष्ट्रपति बाक ने आईओसी की संबंधित सिफारिशों के अनुरूप खेल की स्वायत्तता और रूसी या बेलारूसी पासपोर्ट के साथ एथलीटों की भागीदारी के लिए शर्तों के संबंध में हिरोशिमा, जापान में जी 7 शिखर सम्मेलन में हाल ही में घोषणा के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया। आईओसी ने सूचित किया, ₹इसके अलावा, उन्होंने पुष्टि की कि ओलंपिक खेलों पेरिस 2024 में इन एथलीटों की भागीदारी पर निर्णय आईओसी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा और वे इस संबंध में भी सहयोग करना जारी रखेंगे। आईओसी ने वर्तमान में यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूसी और बेलारूस को ओलंपिक आंदोलन से निलंबित कर दिया है।

# स्वीयाटेक तीसरी बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में

**एजेंसी। पेरिस**

चैंपियन इगा स्वीयाटेक ने चार साल में तीसरी बार रौलां-गैरो के फाइनल में जगह बना ली है, जब उन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त बीट्रीज हद्दाद माइया को सेमीफाइनल में 6-2, 7-6 (7) से हराया। स्वीयाटेक ने 2020 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब गैर-वरीयता प्राप्त विश्व नंबर 54 के रूप में जीता था। स्वीयाटेक ने फाइनल तक के सफर में एक भी सेट नहीं गंवाया है, जहां वह गैर-वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेगी, जिन्होंने नंबर 2 सीड आर्यना सबालेंका को गुरुवार को तीन सेट के थ्रिलर में हराया था।




उनकी जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि रौलां गैरो के समापन के बाद स्वीयाटेक नंबर 1 रैंकिंग को बरकरार रखेगी, भले ही मुचोवा के खिलाफ परिणाम कुछ भी हो। स्वीयाटेक ने मैच के बाद कहा, ₹मैं फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। यह एक कठिन मैच था, और विशेष रूप से दूसरा सेट, हर अंक गिना गया। कुछ समय के लिए मैच तनावपूर्ण हो गया था लेकिन मुझे खुशी है कि मैं टाईब्रेकर में इसे जीतने में सफल रही। पोलैंड की खिलाड़ी को प्रत्येक सेट में एक ब्रेक डाउन से वापस आना पड़ा और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। लेकिन उन्होंने मुकाबला जीत लिया। स्वीयाटेक शनिवार को फाइनल में मुचोवा से भिड़ेंगी। चेक ने चार साल पहले प्राग में अपना एकमात्र पिछला मुकाबला जीता था, जब स्वीयाटेक 17 साल की उम्र में दुनिया में नंबर 95 पर थी।

# आउट होने के तरीके से निराश हैं चेतेश्वर पुजारा : रवि शास्त्री

**एजेंसी। लंदन**

द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पहली पारी में चेतेश्वर पुजारा के आउट होने के तरीके से भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री बहुत निराश हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज को खुद को बेहतर तरीके से अप्लाई करना चाहिए था। पुजारा ने कैमरून ग्रीन की गेंद को छोड़ने का प्रयास किया जो अंदर चली गई और स्टंप्स से जा टकराई। पुजारा महज 14 रन पर आउट हो गए और भारतीय टीम प्रबंधन को इससे ज्यादा निराशा इस बात से हुई होगी कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल भी कुछ ओवर पहले स्कॉट बोलैंड के



खिलाफ इसी तरह से आउट हुए थे। शास्त्री ने कहा कि गिल युवा हैं और गलती से सीखेंगे लेकिन उन्हें पुजारा से बेहतर शॉट चयन की उम्मीद थी। पुजारा ने पिछले कुछ महीने इंग्लैंड में बिताए हैं, ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेले हैं, अप्रैल 2023 से तीन शतक और एक अर्धशतक बनाया है। शास्त्री ने मैच पर टिप्पणी करते हुए ऑन एयर कहा, उनका फ्रंट फुट ठीक नहीं था। इसे गेंद की ओर जाना चाहिए; वह गेंद को खेलना चाह रहे थे और फिर फैसला किया कि इसे छोड़ दें। आप देखिए, जिस तरह से उन्होंने गेंद छोड़ी, उनका ऑफ स्टंप एक्सपोज हो गया। फ्रंट फुट अभी भी मिडिल स्टंप पर है जबकि उसे ऑफ स्टंप की ओर जाना चाहिए था। आप उनके फ्रंट फुट को देखिए। इसे गेंद की ओर होना चाहिए। उन्होंने सोचा कि गेंद ऑफ स्टंप के बाहर है। यह निर्णय लेने में बड़ी गलती है। शास्त्री ने कहा कि पुजारा खुद आउट होने के तरीके से निराश होंगे।

# भारत ने पहले दिन के पहले घंटे में खुद को निराश किया : पोंटिंग

**एजेंसी। लंदन**

लंदन के द ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दो दिनों में जब भारत दबदबे वाले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संघर्ष करता दिख रहा था, तब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत ने एकमात्र टेस्ट के शुरूआती दिन के पहले घंटे में खुद को निराश किया। ट्रैविस हेड के 163 और स्टीव स्मिथ के 121 और उनके चार तेज गेंदबाजों के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पहली पारी में 469 रन बनाकर अपनी पोल स्थिति बनाए रखी, क्योंकि उन्होंने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम का स्कोर दूसरे दिन की समाप्ति पर 151/5 कर




दिया। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने कल पहले घंटे में खुद को निराश किया और ज्यादा शार्ट गेंदें फेंकीं। विकेट की स्थिति के साथ, उनके पास आसमान में बादल की स्थिति और नई ड्यूक गेंद थी, उन्हें फुलर गेंदबाजी करनी थी लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए।

# सेमीफाइनल में जापान की चुनौती के लिए भारत तैयार

**एजेंसी। काकामिगहारा**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार को जापान के काकामिगहारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगी, जिसमें विजेता को आगामी एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 में जगह बनाने का मौका मिलेगा। भारत ने गुरुवार को चीनी ताइपे पर 11-0 की शानदार जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की थी। इस प्रभावशाली जीत का मतलब यह भी था कि भारत ने टूनामेंट के ग्रुप चरण में नाबाद रहते हुए पूल ए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब, भारत शनिवार को



सेमीफाइनल में जापान का सामना करने के लिए तैयार है, जिसमें विजेता टूनामेंट के फाइनल में पहुंचेगा और आगामी एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 में अपनी बर्थ की पुष्टि भी करेगा। विशेष रूप से, महिला जूनियर एशिया कप 2023 में शीर्ष तीन टीमें एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 के लिए स्वचालित योग्यता अर्जित करेंगी, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर, 2023 तक सैंटियागो, चिली में आयोजित किया जाएगा।

**प्रदर्शन** भारत ने तीसरे क्वार्टर में पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया

# अर्जेंटीना को 3-0 से हराकर शीर्ष पर पहुंचा

**एजेंसी। आइंडहोवन**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और अभिषेक के दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन से भारत ने पुरुषों की एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अर्जेंटीना को 3-0 से हरा दिया और अंक तालिका में वापस शीर्ष पर पहुंच गया। भारत लंदन में कुछ मैच हारने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया था, लेकिन वापसी करने के बाद उसने बेल्जियम (5-1) और ग्रेट ब्रिटेन को शूट आउट के जरिए 4-2 से हराया। उसने विगत बुधवार को यहां नीदरलैंड से 1-4 की हार के साथ शुरूआत की। विगत गुरुवार को भारत ने पहले हाफ में बढ़त बनाई और कुछ मौके बनाए लेकिन गोल नहीं कर सका। पहले हाफ में गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में मैच का पहला पेनल्टी कार्नर



हासिल किया, जिस पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अंत में गतिरोध तोड़ने के लिए निचले दाएं कोने में एक शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक लगाया। इसके साथ, हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट में अब तक 18 गोल करके स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष पर नौ गोल की अपनी बढ़त बना ली है।

जब भारत को अगला पेनल्टी कार्नर मिला तब हरमनप्रीत बेंच पर थे। ट्रैप अच्छा नहीं था, लेकिन फिर भी अमित रोहिदास लड़खड़ाती हुई गेंद को पकड़ने में कामयाब रहे और गोल के ऊपरी बाएं हिस्से में एक शानदार ड्रैग फ्लिक ड्रिल किया। जैसे ही मैच के अंत में घड़ी की सुई गिरी, अर्जेंटीना ने गोल करने के लिए अपने सभी खिलाड़ियों को आगे फेंक दिया। लेकिन वे जवाबी हमले में पकड़े गए, विवेक प्रसाद और अभिषेक ने कीपर के साथ खुद को दो-एक पाया। विवेक ने इसे टैप करने और 3-0 की जीत पर मुहर लगाने के लिए अभिषेक को पास दिया।

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जीत का श्रेय अपने डिफेंस को दिया। हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा ,मुझे लगता है कि हमने इतने मौके बनाए लेकिन रक्षात्मक रूप से, हमने एक टीम के रूप में बहुत अच्छी तरह से बचाव किया और संरचना बहुत अच्छी तरह से खेल रही थी इसलिए जब हमें मौका मिला तो हमने वह गोल किया, हमारा ध्यान गेंद को रखने पर था। हमारे लिए गेंद की गति बहुत महत्वपूर्ण है।

## मियू काटो। टिम पुएट्ज ने मिश्रित युगल खिताब जीता



**पेरिस।** जापान की मियू काटो और जर्मनी के टिम पुएट्ज ने गुरुवार को फाइनल में बियांका एंड्रीस्कू और माइकल वीनस को 4-6, 6-4, 10-6 से हराकर फ्रेंच ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। फ्रेंच ओपन काटो का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है और 28 वर्षीय जापानी युगल विशेषज्ञ के लिए एक भावनात्मक क्षण है , जिन्हे तीसरे दौर के मैच में गलती से बॉल गर्ल को गेंद मारने के बाद महिला युगल प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। काटो ने डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा, ₹पिछले कुछ दिनों से यह मेरे लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण रहा है। मैं खिलाड़ियों,

